दैनिक मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

RNI. No. 69062/94

निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का समाचार पत्र

# प्रभात परिक्रमा

**आवश्यकता है**

दैनिक प्रभात परिक्रमा समाचार पत्र को प्रदेश के सभी जिलों एवं तहसील स्तर पर संवाददाता एवं एजेंटों की आवश्यकता है

: संपर्क :

9425023929

वर्ष: 30 | अंक: 246 | भोपाल, शनिवार 20 सितंबर 2025 | पृष्ठ: 08 | मूल्य: 1 रुपए

## गुजरात को 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात देंगे पीएम मोदी

**एजेंसी | गांधीनगर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 20 सितंबर, 2025 यानी शनिवार को भावनगर में आयोजित 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। देश की विकास यात्रा को समुद्र से समृद्धि की दिशा में ले जाने के लिए प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार के पोर्ट्स, शिपिंग तथा वॉटरवेज (बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग) मंत्रालय अंतर्गत 66,025 करोड़ रुपए के एमओयूस का रिमोट बटन दबाकर लोकार्पण करेंगे; जिनमें बंदरगाहों व शिपिंग से संबंधित 21 एमओयू शामिल हैं। इसके साथ ही; प्रधानमंत्री पोर्ट्स, शिपिंग तथा वॉटरवेज मंत्रालय अंतर्गत देश के प्रमुख बंदरगाहों के विकास के लिए 7,870 करोड़ रुपए के विभिन्न प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। इतना ही नहीं; प्रधानमंत्री गुजरात की जनता को भी अनेक विकास कार्यों की भेंट देंगे। वे भारत सरकार व गुजरात सरकार के विभिन्न विभागों के तहत राज्य की जनता के लिए 26,354 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास भी करेंगे।

## एमपी के बिजासन घाट क्षेत्र में पहाड़ से फूटा झरना

### मंदसौर में पुल पर लटकी पिकअप, दो लोग बहे



**नगर प्रतिनिधि | भोपाल**

मध्यप्रदेश में शुक्रवार को कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश का दौर रहा। बैतूल में सवा इंच और रतलाम-छिंदवाड़ा में 1-1 इंच पानी गिर गया। नर्मदापुरम के पचमढ़ी, शिवपुरी, जबलपुर, छतरपुर के नौगांव, सीधी, बड़वानी में भी हल्की बारिश हुई। भोपाल के बादल छाए रहे।

बड़वानी के सेंधवा में मुंबई-आगरा नेशनल हाईवे के बिजासन घाट क्षेत्र में करीब डेढ़ घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई। तेज बारिश के कारण पहाड़ों से झरना बह निकला, जिससे घाट सेक्शन में कई जगह सड़कें जलमग्न हो गईं।

इधर, मंदसौर जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र में एक पिकअप वाहन चंबल नदी में बने पुल से लटक गया। इसमें पिकअप सवार दो लोग बह गए। इनमें से एक सुरक्षित बच निकले। दूसरे का अब तक पता नहीं चल सका है। प्रदेश में शुक्रवार को रतलाम, टीकमगढ़ समेत कुछ जिलों में बारिश हुई। खजुराहो में रनगुवां बांध के तीन गेट खोले गए हैं। जलस्तर 764 फीट से नीचे बनाए रखने के निर्धारित रूटीन के तहत गेट खोले गए हैं। प्रदेश में इस मानसूनी सीजन में औसत 43.2 इंच बारिश हो चुकी है, जो सामान्य बारिश से 7.4 इंच ज्यादा है। गुना में सबसे ज्यादा 65 इंच जबकि खरगोन में सबसे कम 26.2 इंच बारिश हुई है।

### टीकमगढ़ में बिजली गिरने से बच्चे की मौत

टीकमगढ़ जिले की खरगापुर तहसील में गुरुवार शाम को बिजली गिरने से 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई, जबकि एक अन्य किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना में 36 बकरियों ने भी दम तोड़ दिया। घटना खरगापुर तहसील के हीरापुर पंचायत के पट्टी बलवंत गांव में शाम करीब 6 बजे की है। मृत बच्चे का नाम आशीष यादव था, वहीं शिमला रैकवार (15) को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### तेज बारिश का दौर थमा

मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि मानसून की विदाई के दौरान भी पूरे प्रदेश में तेज बारिश का एक और दौर शुरू हो सकता है। फिलहाल 4 दिन तक तेज बारिश का अलर्ट नहीं है।

### रोजगारपरक उद्योग लगाने पर सरकार करेगी हर संभव मदद, सीएम बोले-

# निवेश से विन्ध्य एवं त्यौंथर को मिलेगी विकास की नई गति

### नवम्बर में बनारस में होगी इंडस्ट्रियल समिट

**नगर प्रतिनिधि | भोपाल**





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि औद्योगिक निवेश से विन्ध्य एवं त्यौंथर को विकास की नई गति मिलेगी। उद्योगपति रोजगारपरक उद्योग लगायें सरकार उनकी हर संभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बनारस से आये उद्यमियों के आग्रह पर घोषणा की कि नवम्बर माह में काशी विश्वनाथ की नगरी में इंडस्ट्रियल समिट का आयोजन होगा। बनारस के उद्यमियों ने भी विन्ध्य क्षेत्र में एक हजार करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा जिले के चाकघाट में उद्यमियों से वन-टू-वन चर्चा के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के अनुरूप हम स्वदेशी के मूलमंत्र को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। आप सभी उद्यमी अपने उद्योग स्थापित करने के लिये आगे आयें, राज्य शासन द्वारा आपको हर संभव मदद दी जायेगी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक निवेश में मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है और आने वाले वर्षों में हम देश में उच्चतम स्तर पर होंगे। उन्होंने उद्यमियों को पराली से संबंधित व फूड प्रोसेसिंग से संबंधित उद्यम के साथ अन्य क्षेत्र में भी उद्योग स्थापना के लिये आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीवा जिले में मऊगंज व त्यौंथर विधानसभा क्षेत्रों में पर्याप्त भूमि की उपलब्धता है। औद्योगिक क्षेत्र विकास की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि यदि उद्यमी स्वयं अपने पूंजी निवेश से परिसर बनाकर उद्योग स्थापित करते हैं तो उन्हें हम पूरी सुविधा व मदद देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने त्यौंथर में कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट के भूमिपूजन की बधाई दी और अपेक्षा की कि इससे स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। पराली की समस्या से निजात मिलेगी तथा जैविक विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्म-दिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री अपने जन्म-दिवस पर मध्यप्रदेश में उपस्थित रहे और उन्होंने पीएम मित्र पार्क के माध्यम से इंडस्ट्रियल क्षेत्र को सौगात दी, जो रोजगार उपलब्धता में मील का पत्थर साबित होगा।

### बनारस रामनगर में उद्योगपति करेंगे एक हजार करोड़ का निवेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्यमियों को प्रदेश में निवेश के लिये आमंत्रित किया। बनारस रामनगर के 17 उद्योगपतियों और प्रतिनिधियों ने कहा कि रीवा जिले में एक हजार करोड़ का निवेश करेंगे। उद्यमियों के वन-टू-वन चर्चा में रामनगर उद्योग एसोशियेसन ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अंगवस्त्रम व काशी विश्वनाथ मंदिर की प्रतिकृति भेंट की।

डी.एस. मिश्रा अध्यक्ष रामनगर उद्योग संघ वाराणसी, राकेश जायसवाल, दिलीप सिंह अध्यक्ष म.प्र. चावल संघ तथा सूक्ष्म एवं लघु उद्यम योजनान्तर्गत उद्यमी अमित गौतम ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से संवाद किया। उद्यमियों ने कहा कि प्रदेश की आकर्षक उद्योग नीति से उत्साहित होकर हम प्रदेश में निवेश करेंगे और यह क्षेत्र उद्योग के क्षेत्र में ऊंची उड़ान भरेगा। सांसद श्री जनार्दन मिश्रा, विधायक त्यौंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी, पूर्व महापौर श्री वीरेन्द्र गुप्ता, डॉ. अजय सिंह, पूर्व सांसद श्री देवराज सिंह, कमिश्नर श्री बीएस जामोद सहित बड़ी संख्या में बनारस, प्रयागराज, मिर्जापुर और रीवा से आये उद्यमी शामिल हुए।

### किसानों को हर साल 12 हजार रूपए मिल रहे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े गणराज्य के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत तेज गति से प्रगति कर रहा है। वे ग्लोबल लीडर हैं, उन्होंने अपना जन्मदिन मध्यप्रदेश के जनजातीय अंचल धार में मनाया। यहां कपास उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए कपास से कपड़ा बनाने के लिए देश के सबसे बड़े पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन किया। राज्य सरकार महिलाओं और युवाओं को विंध्य की धरती पर ही रोजगार दिलाएगी, अब उन्हें कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं है। राज्य सरकार ने लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन पर 1500 रुपए दिए। आने वाली दीपावली के बाद भाईदूज से हर माह 1500 रुपए देंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार अन्नदाता किसानों के कल्याण के लिए उन्हें भी सहायता राशि दे रही है। पीएम किसान सम्मान निधि में राज्य सरकार भी राशि मिलाकर किसानों को हर साल 12 हजार रूपए दे रही है। यह किसानों के आर्थिक स्वावलंबन में एक बड़ी सौगात है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने के लिए एक बगिया मां के नामफ योजना शुरू की है। स्व-सहायता समूह की महिलाओं को बगिया विकसित करने के लिए प्रति हितग्राही 3 लाख रुपए की सहायता राशि देगी। राज्य सरकार दूध उत्पादन को भी बढ़ावा दे रही है।

## मणिपुर में सुरक्षाबलों पर हमलाः असम राइफल्स के 2 जवान शहीद, 4 घायल; सर्च ऑपरेशन जारी

**इम्फाल एजेंसी।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में शुक्रवार शाम अज्ञात हमलावरों ने असम राइफल्स की गाड़ी पर हमला कर दिया। हमले में 2 जवान शहीद हो गए, जबकि 4 जवान घायल हुए हैं। घायलों को पुलिस और स्थानीय लोगों ने RIMS अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, घटना शाम करीब 6 बजे नम्बोल सबल लाइकाई इलाके में हुई, जब असम राइफल्स के जवान इम्फाल से बिष्णुपुर की ओर जा रहे थे। हमलावरों ने घात लगाकर वाहन पर अंधाधुंध गोलियां चलाई। मणिपुर के जिरिबाम जिले में 10 नवंबर 2024 को सीआरपीएफ जवानों ने एनकाउंटर में 10 कुकी उग्रवादियों को मार गिराया था। इन उग्रवादियों ने यहां के पुलिस स्टेशन और सीआरपीएफ चौकी पर हमला किया था। जवाबी कार्रवाई के दौरान सीआरपीएफ का एक जवान घायल हुआ था।

## दिशा के घर फायरिंग करने वाले 4 शूटर गिरफ्तार बोले- बाबाजी की पुलिस के आगे कभी नहीं आएंगे

**बरेली।** बरेली में एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने वाले 4 और शूटरों को गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को बरेली पुलिस और एसओजी टीम ने दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद पकड़ा। इनके नाम राम निवास और अनिल हैं। मुठभेड़ में पुलिस ने राम निवास के पैर पर गोली मारी है। उसने कहा, आरोपी अब यूपी में नही आएंगे, बाबा की पुलिस के आगे नहीं आएंगे। राम निवास राजस्थान के ब्यावर जिले के जैतारण थाना क्षेत्र के बेडकला गांव का रहने वाला है। उस पर 25 हजार का इनाम घोषित था। वहीं, अनिल हरियाणा के सोनीपत का रहने वाला है। मुठभेड़ बरेली में थाना क्षेत्र के बिहारीपुर नदी पुल के पास हुई। पुलिस ने बताया, इन दोनों ने दिशा पाटनी के घर की रेकी थी। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने शूटर नकुल सिंह और विजय तोमर को पकड़ा था। दोनों बागपत के रहने वाले हैं।

### राहुल गांधी ने फिर चुनाव आयोग पर साधा निशाना

## कहा-चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा

**एजेंसी | नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को एकबार फिर से चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग का नाम लिए बिना कहा कि चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा। उनकी यह टिप्पणी वोट चोरी के मुद्दे पर अपने हमले को तेज करने के एक दिन बाद आई है। जिसमें उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर लोकतंत्र को नष्ट करने वालों को रक्षा करने का आरोप लगाया था। राहुल गांधी ने कल की अपनी



प्रेस कॉन्फ्रेंस का 36 सेकेंड का वीडियो साझा करते हुए लिखा कि सुबह 4 बजे उठो, 36 सेकंड में 2 वोटर मिटाओ, फिर सो जाओ – ऐसे भी हुई वोट चोरी! चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा, चोरों को बचाता रहा। इससे पहले गुरुवार शाम को एक पोस्ट में राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा था कि देश के युवा, देश के छात्र, देश की जेन जी, संविधान की रक्षा करेंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी रोकेंगे। मैं हमेशा उनके साथ खड़ा हूं। जय हिंद!

### सैम पित्रोदा ने फिर दिया विवादित बयान

राहुल गांधी के करीबी और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने भारत की विदेश नीति और पड़ोसी देशों के साथ संबंधों पर अपनी हालिया टिप्पणी से एक बार फिर विवाद खड़ा कर दिया है। एक इंटरव्यू में पित्रोदा ने कहा कि मैं पाकिस्तान गया, और आपको बता दूं कि मुझे वहां घर जैसा महसूस हुआ। एक इंटरव्यू में पित्रोदा ने क्षेत्रीय कूटनीति को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने नेपाल से लेकर बांग्लादेश तक की तारीफ की है। पित्रोदा ने कहा कि मैं बांग्लादेश गया, मैं नेपाल गया हूं, और मुझे वहां घर जैसा महसूस होता है। मुझे ऐसा नहीं लगता कि मैं किसी विदेशी देश में हूं। पित्रोदा ने केंद्र सरकार से कहा कि अपने पड़ोसियों के साथ बातचीत को प्राथमिकता दी जाए। पित्रोदा ने कहा कि भारत की विदेश नीति की शुरुआत पाकिस्तान सहित क्षेत्र के देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने से होनी चाहिए।

## पीएम मोदी ने आवास में लगाया कदंब का पौधा

**एजेंसी | नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर कदंब का पौधा लगाया। यह पौधा यूनाइटेड किंगडम के सम्राट किंग चार्ल्स तृतीय ने प्रधानमंत्री मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर उपहार स्वरूप भेजा था। इस पहल को प्रधानमंत्री मोदी के हालिया अभियान एक पेड़ मां के नाम से प्रेरणा मिली है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करना है। ब्रिटिश उच्चायोग ने इस अवसर पर याद दिलाया कि इसी वर्ष जुलाई में अपनी ब्रिटेन यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने किंग चार्ल्स को सोनोंमा का पौधा भेंट किया था। उच्चायोग ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए लिखा, जलवायु और स्वच्छ ऊर्जा पर सहयोग राष्ट्रमंडल और यूके-भारत साझेदारी का एक प्रमुख स्तंभ है, जैसा कि दोनों देशों ने विजन 2035 में निर्धारित किया है।

## विज्ञापन केस में बाबा रामदेव ने याचिका लगाई, दिल्ली हाईकोर्ट बोला- हर फालतू अपील की अनुमति नहीं देंगे

**एजेंसी | नई दिल्ली**



दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पतंजलि-डाबर च्यवनप्राश विज्ञापन मामले में सुनवाई की। बाबा रामदेव ने इस विज्ञापन को चलाने पर रोक लगाने वाले सिंगल बेंच जज के आदेश को चुनौती दी थी। जस्टिस सी हरिशंकर और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा- आपने बाकी सभी लोगों को यह कहकर बदनाम कर दिया कि वे नहीं जानते च्यवनप्राश क्या है, और कैसे बनता है। बेंच ने कहा कि सिंगल जज ने एड को अपमानजनक माना। यह अंतरिम आदेश है। जरूरी नहीं हम भी इस पर विचार करें। हम हर फालतू अपील की अनुमति नहीं देंगे। जरूरत पड़ी तो जुर्माना लगाएंगे। जस्टिस हरिशंकर ने पतंजलि को फटकार लगाते हुए कहा- ऐसा नहीं है कि यह आदेश आपको नुकसान पहुंचाएगा। आपके पास बहुत पैसा है, इसलिए आप हर मामले में अपील दायर कर सकते हैं। पतंजलि के वकील ने बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण से इस मामले पर चर्चा करने का समय मांगा, जिसके बाद अदालत ने अपील पर अगली सुनवाई 23 सितंबर के लिए लिस्ट कर दी है।

### भारत को एक और अमेरिकी झटका

# चाबहार बंदरगाह के लिए अमेरिका ने रद्द कर दी छूट

**एजेंसी | वॉशिंगटन**



भारत को अपना दोस्त बताने वाला अमेरिका आए दिन कुछ न कुछ संकट खड़ा करने का प्रयास कर रहा है। ऐसे ही प्रयासों के चलते चाबहार बंदरगाह के लिए अमेरिका द्वारा 2018 में दी गई छूट को रद्द करने की खबरें आ रहीं हैं।

वर्ष 2003 में भारत ने चाबहार बंदरगाह के विकास का प्रस्ताव दिया था ताकि भारतीय वस्तुओं को इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर परियोजना से पाकिस्तान को दरकिनार करते हुए अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक माल पहुंचाया जा सके। बंदरगाह का संचालन इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड करता है जबकि इसका स्वामित्व ईरान के पोर्ट्स एंड मैरीटाइम ऑर्गनाइजेशन के पास है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रमुख उप प्रवक्ता थॉमस पिगॉट ने सप्ताह की शुरुआत में जारी एक बयान में कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट देने वाले 2018 के आदेश को रद्द किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कदम ईरानी शासन को अलग-थलग करने के लिए अधिकतम दबाव डालने की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीति के अनुरूप है।

### 2018 में जारी प्रतिबंध छूट को रद्द कर दिया

पिगॉट ने कहा, अमेरिकी विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान पुनर्निर्माण मदद एवं आर्थिक विकास के लिए ईरान स्वतंत्रता एवं परमाणु प्रसार-रोधी अधिनियम (आईएफसीए) के तहत 2018 में जारी प्रतिबंध छूट को रद्द कर दिया है। यह आदेश 29 सितंबर, 2025 से प्रभावी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतिबंध के प्रभावी हो जाने के बाद चाबहार बंदरगाह का संचालन करने वाले या संबंधित गतिविधियों में शामिल लोग प्रतिबंधों के दायरे में आ सकते हैं। अमेरिकी प्रशासन के इस निर्णय से भारत भी प्रभावित होगा क्योंकि वह ओमान की खाड़ी में स्थित चाबहार बंदरगाह पर एक टर्मिनल के विकास से जुड़ा हुआ है।

## जुबिन गर्ग का सिंगापुर में निधन संगीत जगत में शोक की लहर

**एजेंसी | नई दिल्ली**



मशहूर गायक जुबिन गर्ग, जिन्होंने इमरान हाशमी की फिल्म गैंगस्टर के सुपरहिट गीत या अली से देशभर के युवाओं के बीच खास पहचान बनाई थी, अब हमारे बीच नहीं रहे। शुक्रवार को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान हुए हादसे में उनका निधन हो गया। जानकारी अनुसार समुद्र से बाहर निकालने के बाद उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन गहन इलाज के बावजूद डॉक्टर उनकी जान नहीं बचा सके। जुबिन गर्ग असम के दिग्गज गायक माने जाते थे और नॉर्थ ईस्ट म्यूजिक इंडस्ट्री में उनका योगदान अमूल्य रहा है। वे सिंगापुर में आयोजित नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल में हिस्सा लेने गए थे, जहां उनका आज परफॉर्म करने का कार्यक्रम तय था। लेकिन इससे पहले ही यह दुखद हादसा हो गया।

## संपाकीय

# वक्फ कानून पर आशंकाएं दूर होंगी

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम पर रोक नहीं लगाई, लेकिन उसके कुछ प्रावधानों में संशोधन किया है या उन्हें रोका है। शीर्ष अदालत का फैसला पूरी तरह तार्किक है, जिसमें संतुलन का पूरा ध्यान रखा गया है। उम्मीद है कि इस फैसले से वे आशंकाएं दूर हो जाएंगी, जो इस नए कानून को लेकर जताई जा रही थीं। संविधान के अनुरूप- सुप्रीम कोर्ट की ओर से किए गए संशोधन महत्वपूर्ण और जरूरी हैं। इनमें संविधान की भावनाओं का ख्याल रखा गया है। एक अहम संशोधन यह है कि शीर्ष अदालत ने वक्फ संपत्ति जांच के प्रावधानों पर आंशिक रूप से रोक लगा दी। नामित अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर ही किसी प्रॉपर्टी को गैर-वक्फ नहीं माना जा सकता। अदालत ने संपत्ति अधिकार तय करने की ताकत जिलाधिकारी को देने को संविधान में की गई व्यवस्था-शक्ति के पृथक्करण के सिद्धांत के खिलाफ माना। यह व्यवस्था इसलिए की गई है, ताकि लोकतंत्र के तीनों अहम अंगों-विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच शक्ति का संतुलन बना रहे। एक पक्ष की ओर पलड़े का थोड़ा भी झुकाव व्यवस्था के संतुलन को बिगाड़ देगा। किसी एक ही अंग में सारी शक्तियां इसलिए भी निहित नहीं हैं, ताकि उसे निरंकुश होने से रोका जा सके। इसी तरह, वक्फ करने के लिए न्यूनतम 5 बरसों तक इस्लाम का अनुयायी होने के प्रावधान पर तब तक रोक रहेगी, जब तक राज्य सरकारें इसके सत्यापन के लिए नियम नहीं बना लेतीं। देश में धर्म व्यक्तिगत मामला है और यह जरूरी नहीं कि कोई नागरिक अपनी धार्मिक पहचान का सार्वजनिक प्रदर्शन करे। तो यह तय करना कि कोई किसी धर्म को कब से मान रहा है, बेहद जटिल है। राज्य सरकारों से उम्मीद है कि इस बारे में नियम बनाते समय वे सभी पहलुओं का ध्यान रखेंगी और ज्यादा संवेदनशीलता बरतेंगी। वक्फ संशोधन अधिनियम के कई बिंदुओं पर विपक्ष को गहरी आपत्ति थी। इसे लेकर दोनों सदनों में और सड़क पर भी काफी हंगामा हुआ। इस मामले की गंभीरता और उसके असर को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट का फैसला जिम्मेदारी भरा है। याचिका में पूरे कानून को रद्द करने की मांग की गई थी, लेकिन शीर्ष अदालत ने इसे नहीं माना। इस तरह के कदम बेहद दुर्लभ मामलों में उठाए जाते हैं और इनका प्रभाव बहुत व्यापक होता है। इस मायने में सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक विवेक का इस्तेमाल किया, और यह भी ध्यान रखा कि विधायिका के साथ सीमाओं का अतिक्रमण न हो।

**भारत में लंबे समय तक लगातार सत्ता में रहते हुए सेवा करने वाले राजनेता, राष्ट्रहित और जनहित को हमेशा सर्वोपरि रखने वाले, मां भारती के सच्चे-सपूत, नए आधुनिक सशक्त शक्तिशाली भारत के शिल्पकार और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 17 सितंबर को जन्मदिन है। मैं उन्हें जन्मदिन की बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं, मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि आप दीर्घायु हों और सदैव स्वस्थ एवं प्रसन्न रहें और देश का नाम रोशन करते रहें और हम भारतवासियों का मार्गदर्शन करते रहें। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने कार्यों के दम पर अब आधुनिक, सशक्त, शक्तिशाली नए भारत के शिल्पकार बन चुकें हैं, यह तथ्य अब किसी से भी छिपा हुआ नहीं है।**

# आधुनिक, सशक्त व शक्तिशाली नए भारत के शिल्पकार प्रधानमंत्री 'नरेन्द्र मोदी'

(दीपक कुमार त्यागी)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत अब अगली पीढ़ी के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण करने में दिन-रात जुटा हुआ है। जो कार्य स्थिरता और दीर्घकालिक सोच से प्रेरित है। नरेन्द्र मोदी का यह प्रयास आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव तैयार करने का कार्य बखूबी कर रहा है।

भारत में लंबे समय तक लगातार सत्ता में रहते हुए सेवा करने वाले राजनेता, राष्ट्रहित और जनहित को हमेशा सर्वोपरि रखने वाले, मां भारती के सच्चे-सपूत, नए आधुनिक सशक्त शक्तिशाली भारत के शिल्पकार और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 17 सितंबर को जन्मदिन है। मैं उन्हें जन्मदिन की बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं, मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि आप दीर्घायु हों और सदैव स्वस्थ एवं प्रसन्न रहें और देश का नाम रोशन करते रहें और हम भारतवासियों का मार्गदर्शन करते रहें। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने कार्यों के दम पर अब आधुनिक, सशक्त, शक्तिशाली नए भारत के शिल्पकार बन चुकें हैं, यह तथ्य अब किसी से भी छिपा हुआ नहीं है। कोई भी व्यक्ति राजनीतिक लाभ लेने के चलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत के नव निर्माण के लिए दिये गये योगदान को कमतर आंकने का कार्य कर सकता है। लेकिन धरातल पर सच्चाई यह है कि नरेन्द्र मोदी ने देश में आजादी के दशकों बाद दूरदराज के दुर्गम इलाकों तक में भी हम भारतीयों के लिए विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने का कार्य किया है, जो काबिले-तारीफ व अचंभित करने वाला है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आज बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव हो रहा है। रेलवे, हाईवे, एक्सप्रेस-वे, बंदरगाह और हवाई अड्डों जैसे क्षेत्रों में बेहतरीन विश्व स्तरीय ढांचा तैयार किया जा रहा है। अभी तक के तैयार ढांचे ने ही देशवासियों के जीवन को बेहद सरल बनाते हुए देश के विकास को तेजी गति देते हुए धरातल पर समृद्धि को बढ़ावा देने का कार्य कर दिखाया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत अब अगली पीढ़ी के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण करने में दिन-रात जुटा हुआ है। जो कार्य स्थिरता और दीर्घकालिक सोच से प्रेरित है। नरेन्द्र मोदी का यह प्रयास आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव तैयार करने का कार्य बखूबी कर रहा है। देश में आधुनिक रेलवे स्टेशन, बंदरगाह, सड़क व रोपवे आदि जगह-जगह बन रहे हैं। पूरे देश में सड़क, हवाई, रेल व जल मार्ग से यात्रा व माल ढुलाई आदि की सुविधा को बेहतर किया जा रहा है। वैसे भी नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि - स्मार्ट शहर, सुरक्षित सड़कें और आसान यात्रा यही है नए भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर वादा। जिस वादे को नरेन्द्र मोदी धरातल पर साकार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण को वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम मानते हैं। देश की सीमाओं की रक्षा की बात करें तो नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश के वीर योद्धाओं के हाथ दुश्मन पर कार्रवाई के लिए पूरी आजादी के साथ खुले हुए हैं, जिसकी बानगी देश व दुनिया के लोग सर्जिकल स्ट्राइक व अभी हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर में देख चुके हैं।

वहीं आम-जनमानस के हित के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत सारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसमें मुख्य रूप से जन धन योजना, कौशल भारत मिशन, मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, सांसद आदर्श ग्राम योजना, श्रमेव जयते योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, हृदय योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा



योजना, उजाला योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री ज्योति ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, स्मार्ट सिटी योजना, अमृत योजना, डिजिटल इंडिया मिशन, स्वर्ण मुद्रीकरण योजना, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड योजना, उदय, स्टार्ट- अप इंडिया, सेतु भारतम योजना, स्टैंड अप इंडिया, ग्रामोदय से भारत उदय, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, नमामि गंगे योजना, पीएम सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना, प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान भारत योजना, आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना आदि योजनाएं हम भारतवासियों के जीवन स्तर में सुधार करते हुए उसे बेहतर बनाने कार्य कर रही हैं। वैसे कोई नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में लाख कमियां निकाले लेकिन जनता की अदालत की सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जन-जन की आशा और राष्ट्र की आकांक्षा के प्रतीक बन चुकें हैं। देश व दुनिया के लोग देख रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ओजस्वी नेतृत्व में भारत का बहुत तेजी से सर्वांगीण विकास हो रहा है। नया भारत अब आत्मनिर्भरता, विकास और वैश्विक सम्मान की नई ऊंचाइयों को छूने का कार्य कर रहा है। मोदी के संकल्पित नेतृत्व में ही विकसित भारत की दिशा में राष्ट्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी के साथ मजबूत होती जा रही है, भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया के ताकतवर देशों को पीछे छोड़ रही है। देश में बहुत ही तेजी से विश्व स्तरीय सड़कों व एक्सप्रेस-वे का जाल बिछा कर के विकास पथ का निर्माण करते हुए विकास को तेज गति दी जा रही है, आज हमारा प्यारा देश भारत दुनिया के निवेशकों की पसंदीदा जगह बनता जा रहा है, भारत में अब तेजी से विदेशी कंपनियों के बड़े-बड़े कल-कारखाने खुलने लगें हैं। आर्थिक स्तर के मोर्चे के साथ-साथ सामरिक स्तर पर भी अब तो दुनिया भारत का लोहा मानने लगी है, दुनिया सर्जिकल स्ट्राइक व ऑपरेशन सिंदूर में देश के वीर जांबाजों का दमखम देख चुकी है।

वैसे भी देखा जाए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी कार्यशैली के बलबूते देश की राजनीति को अपने इर्दगिर्द केन्द्रित रखते हुए आम जनमानस के दिलोदिमाग पर छा जाने का कार्य बेहद ही सफलता के साथ किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया की उन शख्सियतों में शुमार हैं, जिन्होंने अपनी कार्यशैली, मेहनत, वाकपटुता, मंत्रमुग्ध कर देने वाली करिश्माई भाषण शैली, राष्ट्रहित व जनहित के कार्यों के बलबूते लोगों के दिलों में जगह बनाने का कार्य किया है। जिसके चलते ही नरेन्द्र मोदी राजनीति के जबरदस्त प्रतिस्पर्धा वाले क्षेत्र में भी पिछले कई दशकों से लगातार महत्वपूर्ण पदों पर विराजमान हैं। वैसे तो नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में ही काम के दम पर एक बहुत लंबी रेखा खींचने का कार्य किया था, लेकिन वर्ष 2014 में जब नरेन्द्र मोदी ने देश के प्रधानमंत्री पद का दायित्व सम्हालने का कार्य किया था, उसके बाद तो उन्होंने फिर कभी पीछे मुड़कर ही नहीं देखा है। जिसके बाद से ही नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता में दिन-प्रतिदिन तेजी से इजाफा हुआ है और वह भारत के साथ-साथ दुनिया भर में लोगों की पसंदीदा ताकतवर राजनीतिक शख्सियत बनकर के उभरे हैं, इसकी एक बानगी अभी हाल ही में दुनिया ने अमेरिका से टैरिफ विवाद के समय और चीन दौरे के समय देखी है, विवाद के बाद नरेन्द्र मोदी को अपने से दूर होता देखकर अब तो दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प तक भी नरेन्द्र मोदी को अपना दोस्त बता रहे हैं और महान बता रहे हैं। संगठनात्मक स्तर की बात करें तो नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल करके पार्टी के भविष्य को पूरी तरह से ही बदल डालने का कार्य किया था। इसके बाद तो नरेन्द्र मोदी की लहर के दम पर ही देश के चुनावी मैदान में चुनाव दर चुनाव भाजपा जीतती गयी और केन्द्र व राज्यों की राजनीति से विपक्षी दलों का सफाया होता चला गया था। आज स्थिति यह हो गयी है कि प्रसिद्धि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब केवल भारत तक सीमित नहीं रहे हैं बल्कि वह दुनिया में भी बेहद लोकप्रिय होकर के विश्व की उन चंद ताकतवर अहम शख्सियतों में शामिल हो चुकें हैं, जिनकी राजनीति व कार्यशैली का लोहा देश-विदेश के ताकतवर लोग भी मान रहे हैं, जो वैश्विक स्तर पर भारत के लिए एक बहुत ही अच्छा सकारात्मक संदेश है।

हालांकि हर वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता को भुनाने के लिए उनके जन्मदिवस 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर तक देश भर में 'सेवा पखवाडा' चलाने का फैसला किया है। इसमें स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, मैराथन, दिव्यांग शिविर आदि विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अच्छे से जानते हैं कि इस अवसर को खूबसूरती के साथ एक सफल मेगा ईवेंट में किस तरह से बदला जा सकता है, इसलिए भाजपा 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से लेकर के 2 अक्टूबर तक पूरे देश में सेवा पखवाड़े पर जनहित के विभिन्न प्रकार के अभियान चलायेगी, जिससे आम जनमानस भाजपा के प्रति आकर्षित होकर मोदी मैजिक के दम पर उससे निरंतर जुड़ा रहे।

हालांकि देश में कुछ राजनीतिक लोगों व एक वर्ग विशेष के लोगों के बीच में ना जाने क्यों नरेन्द्र मोदी को निरंतर कमतर करके आंकने का प्रयास अभी भी जारी है। यह लोग वर्ष 2014 से ही मोदी को जनता की अदालत में एक असफल प्रधानमंत्री साबित करने के लिए उतावले हैं, लेकिन यह उतावलेपन में निरंतर अपने गिरेबान में झांक कर आत्ममंथन करना भूल जाते हैं। खैर जो भी हो पक्ष हो या विपक्ष का विरोधी हो अब वह जनता की अदालत इस सच्चाई से आसानी से मूंह नहीं मोड़ सकता है कि नरेन्द्र मोदी देश के लोकप्रिय नेता हैं और उनके नेतृत्व में देश में हर क्षेत्र में विश्व स्तरीय विकास की एक नयी गाथा लिखने का कार्य हो रहा है। देश के पूर्व, पश्चिम, उत्तर व दक्षिण चंहु ओर तेजी के साथ मोदी राज में केंद्र के द्वारा सर्वांगीण विकास हो रहा है। आज केंद्र सरकार का तंत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतरिक्ष की ऊंचाईयों से लेकर के सागर की गहराईयों तक में जाकर के भारत की जनता के हित के लिए कार्य करने का काम बड़ी जिम्मेदारी व तत्परता के साथ कर रहा है और हमारे प्यारे देश भारत का सिस्टम यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल व ओजस्वी नेतृत्व में विश्व में सफलता के नित-नये आयाम स्थापित करते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए दिन-रात काम कर रहा है। (लेखख अधिवक्ता, स्तंभकार व राजनीतिक विश्लेषक (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# क्या इथेनॉल मिले पेट्रोल से गाड़ी खराब होती है? या पेट्रोल लॉबी वाहन मालिकों को डरा रही है?

(नीरज कुमार दुबे)

इथेनॉल क्यों ज़रूरी है। यदि इस पर चर्चा करें तो आपको बता दें कि भारत अपनी ऊर्जा ज़रूरतों का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। इससे न सिर्फ खज़ाने पर भारी बोझ पड़ता है बल्कि वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव का भी सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।

भारत की ऊर्जा नीति आज एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर खड़ी है जहाँ जैव-ईंधन (बायोफ्यूल) न सिर्फ प्रदूषण कम करने का विकल्प है, बल्कि यह आयात पर निर्भरता घटाकर देश की ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूत कर सकता है। सरकार द्वारा पेट्रोल में 20त्न इथेनॉल मिश्रण (ई-20) लागू किए जाने के बाद यह बहस और तेज़ हो गई है कि क्या यह कदम व्यावहारिक और सुरक्षित है। इसी संदर्भ में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने उन दावों को 'बकवास' करार दिया है जिनमें कहा गया था कि इथेनॉल मिश्रण से वाहनों के इंजन को नुकसान होता है।

**भारत की ऊर्जा नीति आज एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर खड़ी है जहाँ जैव-ईंधन (बायोफ्यूल) न सिर्फ प्रदूषण कम करने का विकल्प है, बल्कि यह आयात पर निर्भरता घटाकर देश की ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूत कर सकता है। सरकार द्वारा पेट्रोल में 20त्न इथेनॉल मिश्रण (ई-20) लागू किए जाने के बाद यह बहस और तेज़ हो गई है कि क्या यह कदम व्यावहारिक और सुरक्षित है। इसी संदर्भ में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने उन दावों को 'बकवास' करार दिया है जिनमें कहा गया था कि इथेनॉल मिश्रण से वाहनों के इंजन को नुकसान होता है।**

इथेनॉल क्यों ज़रूरी है। यदि इस पर चर्चा करें तो आपको बता दें कि भारत अपनी ऊर्जा ज़रूरतों का लगभग 88त्न कच्चा तेल आयात करता है। इससे न सिर्फ खज़ाने पर भारी बोझ पड़ता है बल्कि वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव का भी सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ऐसे में गन्ना, मक्का और अन्य अनाज से बनने वाला इथेनॉल एक सस्ता, घरेलू और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प है। हम आपको बता दें कि 2014 में जहाँ पेट्रोल में इथेनॉल की हिस्सेदारी मात्र 1.4त्न थी, वहीं आज यह बढ़कर 20त्न तक पहुँच गई है। यह उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत और हरित ऊर्जा संक्रमण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

हम आपको बता दें कि केपीएमजी के वार्षिक सम्मेलन एनरिच 2025 में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि इथेनॉल से इंजन खराब होने की सारी बातें 'बीएस' हैं– यानी बकवास हैं। उन्होंने साफ किया कि केवल पुराने वाहनों में कुछ रबर के पुर्ज़े और गैस्केट बदलने की आवश्यकता हो सकती है, पर तकनीकी रूप से यह कोई बड़ी चुनौती नहीं है। ब्राज़ील जैसे देशों के अनुभव भी यही साबित करते हैं कि इथेनॉल मिश्रण न केवल सुरक्षित है बल्कि टिकाऊ विकल्प है। हम आपको यह भी बता दें कि इस बहस का दूसरा पहलू है राजनीति। पिछले दिनों में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी पर आरोप लगाए गए कि उनकी परिवार-नियंत्रित कंपनी साइन एग्रो को इथेनॉल नीति से भारी लाभ हुआ है। कांग्रेस और कुछ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों ने दावा किया कि कंपनी का टर्नओवर एक साल में 18 करोड़ से 723 करोड़ तक पहुँच गया। गडकरी ने इसे राजनीतिक रूप से प्रेरित पेड कैंपेन बताया। उनका कहना है कि इथेनॉल से जुड़े टेंडर और मूल्य निर्धारण का फैसला कैबिनेट स्तर पर होता है, न कि व्यक्तिगत मंत्रियों द्वारा। उन्होंने कहा कि देश में 450-500 इथेनॉल उत्पादक कंपनियाँ हैं, जिनमें उनकी कंपनी की हिस्सेदारी 0.5 प्रतिशत से भी कम है।

# विश्वेश्वरैया का सपना और आज की सफलता

**इंजीनियरिंग अब एक बेहद विस्तृत क्षेत्र है। वर्तमान समय में देश में कई महत्वपूर्ण विषयों में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कराई जाती है। प्रतिवर्ष 15 सितम्बर को भारत में 'इंजीनियर्स डे' (अभियंता दिवस) मनाया जाता है और आज के समय में अभियंता दिवस मनाने का उद्देश्य भारत में विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित करना भी है। इंजीनियर अपनी कुशलता से विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों को गति प्रदान कर देश को समृद्ध और विकसित बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राज्य तथा देश के विकास में इंजीनियरों के महत्वपूर्ण योगदान के चलते ही भारत आज इंजीनियरिंग तथा आईटी के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश है। सही मायनों में देश के विकास के धुरी इंजीनियर ही हैं, जिनका देश के विकास में सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है। दरअसल आपदा प्रबंधन से लेकर निर्माण तक कोई भी कार्य इंजीनियरों के बिना सम्पन्न नहीं हो सकता।**

(योगेश कुमार गोयल)

भारत के महान अभियंता और भारत रत्न से सम्मानित मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्मदिन को ही भारत में इंजीनियर्स डे के रूप में मनाया जाता है, जो वास्तव में अभियंताओं का संकल्प दिवस माना जाता है।

इंजीनियरिंग अब एक बेहद विस्तृत क्षेत्र है। वर्तमान समय में देश में कई महत्वपूर्ण विषयों में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कराई जाती है। प्रतिवर्ष 15 सितम्बर को भारत में 'इंजीनियर्स डे' (अभियंता दिवस) मनाया जाता है और आज के समय में अभियंता दिवस मनाने का उद्देश्य भारत में विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित करना भी है। इंजीनियर अपनी कुशलता से विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों को गति प्रदान कर देश को समृद्ध और विकसित बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राज्य तथा देश के विकास में इंजीनियरों के महत्वपूर्ण योगदान के चलते ही भारत आज इंजीनियरिंग तथा आईटी के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश है। सही मायनों में देश के विकास के धुरी इंजीनियर ही हैं, जिनका देश के विकास में सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है। दरअसल आपदा प्रबंधन से लेकर निर्माण तक कोई भी कार्य इंजीनियरों के बिना सम्पन्न नहीं हो सकता। मानव जीवन में रचनात्मक बदलाव का श्रेय इंजीनियरों को ही जाता है। देश की आजादी के बाद प्रतिभावान इंजीनियरों ने नए भारत के निर्माण तथा विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। शहरों तथा गांवों के समग्र विकास के लिए सड़कों, पुलों, सिंचाई जलाशयों सहित अधोसंरचना के निर्माण के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। देश में प्रतिवर्ष अभियंता दिवस इसीलिए मनाया जाता है ताकि देशभर के इंजीनियरों को प्रोत्साहित किया जा सके और हमारे इंजीनियर अपने ज्ञान और कौशल की बदौलत देश को तरक्की की नई राह पर आगे ले जाएं। इंजीनियरिंग के बारे में अमेरिका के जाने-माने इंजीनियर हेनरी पेट्रोस्की ने कहा था कि विज्ञान का अर्थ है जानना जबकि इंजीनियरिंग का अर्थ है करना अथवा करके दिखाना।

भारत के महान अभियंता और भारत रत्न से सम्मानित मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्मदिन को ही भारत में इंजीनियर्स डे के रूप में मनाया जाता है, जो वास्तव में अभियंताओं का संकल्प दिवस माना जाता है। इस वर्ष यह दिवस 'डीप टेक और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता- भारत के टेकएड को आगे बढ़ाना' थीम के साथ मनाया जा रहा है, जो भारत की तकनीकी यात्रा में एक नया अध्याय जोड़ रही है। भारत के महान इंजीनियरों में से एक मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया द्वारा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में दिया गया असाधारण योगदान अविस्मरणीय है, जिन्हें भारतीय सिविल इंजीनियरिंग का जनक तथा आधुनिक भारत का विश्वककर्मा भी कहा जाता है। देशभर में बने कई नदियों के बांधों और पुलों को सफल बनाने के पीछे कर्नाटक में मैसूर के कोलार जिले में 15 सितम्बर 1860 को जन्मे विश्वेश्वरैया का बहुत बड़ा योगदान रहा। एक इंजीनियर के रूप में उन्होंने देश में मैसूर में कृष्णाराज सागर बांध, पुणे के खड़कवासला जलाशय में बांध, ग्वालियर में तिगरा बांध इत्यादि कई महत्वपूर्ण बांध बनवाए। हैदराबाद शहर को बनाने का पूरा श्रेय भी 'फादर ऑफ मॉडर्न मैसूर स्टेट' कहे जाने वाले विश्वेश्वरैया को ही जाता है। दरअसल मैसूर सरकार के साथ मिलकर उन्होंने मैसूर संदल ऑयल एंड सोप फैक्टरी, मैसूर आयरन एंड स्टील फैक्ट्री, मैसूर चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स, स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, विश्वेश्वरैया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, परजीवी प्रयोगशाला, श्री जयचमराजेंद्र पॉलीटेक्निक संस्थान, बैंगलोर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, सेंचुरी क्लब इत्यादि कई फैक्ट्रियों और शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना करवाई थी।



विश्वेश्वरैया द्वारा शुरू की गई बहुत सी परियोजनाओं के कारण देश आज गर्व का अनुभव करता है। उन्होंने एक बाढ़ सुरक्षा प्रणाली तैयार की थी, जिसके बाद वे देशभर में विख्यात हो गए थे। विशाखापत्तनम बंदरगाह की समुद्री कटाव से सुरक्षा के लिए एक प्रणाली विकसित करने में भी उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। घर-घर में प्राकृतिक जल स्रोतों से पानी पहुंचाने की व्यवस्था करने के अलावा गंदे पानी की निकासी के लिए नाली-नालों की समुचित व्यवस्था भी विश्वेश्वरैया ने ही की थी। तिरुमला और तिरुपति के बीच सड़क निर्माण के लिए योजना को अपनाने में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई थी। उनके इन प्रयासों ने ही आधुनिक भारत की रचना करने के साथ देश को एक नया रूप भी प्रदान किया। 1955 में उन्हें सर्वोच्च भारतीय सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एम विश्वेश्वरैया के उल्लेखनीय योगदान के मद्देनजर वर्ष 1968 में उनकी जन्मतिथि को भारत सरकार द्वारा 'अभियंता दिवस' घोषित किया गया। तभी से प्रतिवर्ष 15 सितम्बर को अभियंता दिवस मनाया जाता है। विश्वेश्वरैया की जयंती पर मनाया जाने वाला यह दिवस वास्तव में देश के विकास में योगदान देने और देश का मान बढ़ाने वाले इंजीनियरों के सम्मान में समर्पित होता है। शुरुआती पढ़ाई मैसूर में करने के बाद विश्वेश्वरैया ने 1881 में मद्रास यूनिवर्सिटी के सेंट्रल कॉलेज से बीए की परीक्षा उत्तीर्ण की। उसके बाद मैसूर सरकार से उन्हें सहायता मिली और उन्होंने पूना के साइंस कॉलेज में इंजीनियरिंग के लिए दाखिला लिया। 1883 की एल.सी.ई. और एफ.सी.ई. परीक्षा में उन्होंने प्रथम स्थान हासिल किया और उनकी योग्यता को देखते बॉम्बे सरकार ने उन्हें नासिक में सहायक अभियंता के पद पर नियुक्त किया। एक इंजीनियर के रूप में उसके बाद उन्होंने अनेक अद्भुत कार्यों को अंजाम दिया। विश्वेश्वरैया एक आदर्शवादी और अनुशासन प्रिय व्यक्ति थे, जो अपने हर कार्य को परफैक्शन के साथ करते थे। 92 वर्ष की आयु में भी वे बिना किसी सहारे के चलते थे और सामाजिक तौर पर सक्रिय रहते थे।

कोई भाषण देने से पहले वे स्वयं उसे लिखते थे और फिर कई बार उसका अभ्यास करते थे। अपनी योग्यता से उन्होंने बड़े-बड़े ब्रिटिश इंजीनियरों के समक्ष भी अपनी योग्यता और प्रतिभा का लोहा मनवाया। 1905 में उन्हें ब्रिटिश शासन द्वारा 'कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द इंडियन एंपायर' से सम्मानित किया गया था। विश्वेश्वरैया वर्ष 1912 से 1918 तक मैसूर के 19वें दीवान रहे।



# अक्टूबर से भोपाल में चलने लगेगी मेट्रो ट्रेन

## 25 और 26 सितंबर को निरीक्षण करेगी कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी की टीम

*भोपाल। भोपाल में अक्टूबर से लोग मेट्रो ट्रेन में सफर कर सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेट्रो को हरी झंडी दिखाने राजधानी आ सकते हैं। इससे पहले डिपो और गाड़ी को देखने के लिए कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी की एक टीम 24 सितंबर को भोपाल पहुंचेगी। टीम 25 और 26 सितंबर को निरीक्षण करेगी। ये शेड्यूल सामने आते ही मेट्रो के अधिकारी तैयारियों में जुट गए हैं। इसके बाद दूसरी टीम भी जल्द आएगी। मेट्रो की किराया सूची पर भी मंथन किया जा रहा है। अफसरों की मानें तो 7 दिन तक लोग मेट्रो में फ्री सफर कर सकेंगे। वहीं, 3 महीने तक टिकट पर 75 प्रतिशत, 50 प्रतिशत और 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। छूट खत्म होने के बाद सिर्फ 20 रुपए में मेट्रो का सफर किया जा सकेगा। इसका अधिकतम किराया 80 रुपए होगा। 31 मई को इंदौर में चलाई गई मेट्रो के लिए भी यही मॉडल रहा था। भोपाल में ऑरेंज लाइन के पहले फेज में मेट्रो सुभाषनगर से एम्स तक करीब 6 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। दूसरा फेस सुभाषनगर से करोंद तक है। हालांकि, इसका काम अगले 2 से 3 साल में पूरा हो सकेगा। अगला स्टेशन एम्स है। दरवाजे बाईं तरफ खुलेंगे। कृपया, दरवाजों से हटकर खड़े हों...इस तरह का अनाउंसमेंट आपको अक्टूबर में सुनाई देने लगेगा। मेट्रो के ट्रायल रन के बीच कमर्शियल रन शुरू होगा। हालांकि, अभी एम्स, अलकापुरी और डीआरएम ऑफिस स्टेशन पर गेट लगाने समेत अन्य काम किए जा रहे हैं। इन्हें अगले 15 दिन में पूरा करने का टारगेट है। 30 से 80 किमी प्रति घंटा रहेगी मेट्रो की स्पीड भोपाल के सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन और इंदौर के गांधीनगर से सुपर कॉरिडोर तक मेट्रो कोच को ट्रैक पर दौड़ाकर ट्रायल रन किया जा रहा है। ट्रायल रन में न्यूनतम 30 और अधिकतम 80 किमी प्रतिघंटा रफ्तार रखी जा रही है। बीच-बीच में 100 से 120 किमी की रफ्तार से भी मेट्रो दौड़ाई जा रही है। सिग्नल लग चुके हैं। इनकी टेस्टिंग भी हो रही है।*

## ट्रेन की तर्ज पर मेट्रो में भी टिकट लेनी पड़ेगी

मेट्रो का टिकट सिस्टम ऑनलाइन न होकर मैन्युअल ही रहेगा। जैसे आप ट्रेन में टिकट लेकर सफर करते हैं, वैसे ही मेट्रो में भी कर सकेंगे। इंदौर में अभी यही सिस्टम है। भोपाल और इंदौर मेट्रो में ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम लगाने वाली तुर्किए की कंपनी असिस गार्ड से काम छिनने और नई कंपनी के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू किए जाने से यह स्थिति बनेगी। बता दें कि असिस गार्ड का मामला पिछले 4 महीने से सुर्खियों में था। आखिरकार अगस्त में असिस गार्ड का टेंडर कैंसिल कर दिया गया। नई कंपनी के लिए टेंडर भी कॉल किए हैं। इस पूरी प्रक्रिया में दो से तीन महीने का वक्त लग सकता है। अफसरों ने बताया कि असिस गार्ड कंपनी इंदौर में स्टेशनों पर भी सिस्टम लगा रही थी, लेकिन विवाद के बाद इंदौर में मैन्युअल टिकट ही ऑप्शन बचा था। पिछले साढ़े 3 महीने से इंदौर में ट्रेन जैसा ही सिस्टम है। इसमें मेट्रो के कर्मचारी ही तैनात किए गए हैं। यही ऑप्शन अब भोपाल मेट्रो के लिए भी बचा है। दरअसल, असिस गार्ड के जिम्मे ही सबसे महत्वपूर्ण ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन यानी किराया लेने की पूरी प्रक्रिया का सिस्टम तैयार करने का काम था। जिसमें कार्ड के जरिए किराया लेने के बाद ही गेट खुलना भी शामिल है। यह कंपनी सिस्टम का पूरा मेंटेनेंस भी करती। अब अनुबंध खत्म होने पर नई कंपनी काम करेगी, लेकिन उसे टेंडर और फिर अन्य प्रक्रिया से गुजरने में समय लगेगा। इसलिए मेट्रो कॉर्पोरेशन भोपाल में भी मैन्युअली टिकट सिस्टम ही लागू कर सकता है। अफसरों के अनुसार, मैन्युअली सिस्टम के लिए अमला तैनात किया जा रहा है।

# पुलिस भर्ती में परीक्षार्थियों की जांच और बढ़ाई जा रही

### परीक्षा में आइरिस स्कैन से ही दिया जाएगा प्रवेश



**भोपाल।** वर्ष 2023 में हुई आरक्षक भर्ती परीक्षा में आधार के बायोमैट्रिक डाटा में बदलाव कर फजीवाड़े के बाद मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल इस बार अतिरिक्त सावधानी बरत रहा है। अक्टूबर-नवंबर में होने जा रही उप निरीक्षक और आरक्षक भर्ती परीक्षा में ऐसा फजीवाड़ा रोकने के लिए तीन स्तरीय जांच प्रणाली बनाई जा रही है। इसके तहत अब परीक्षार्थियों की आंखों की पुतली (आइरिस) को स्कैन करने के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस विभाग में आरक्षक व एसआइ सहित कुल 8589 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। 29 सितंबर तक आवेदन की प्रक्रिया चलेगी। 30 अक्टूबर से प्रदेश के 11 शहरों में बनाए गए केंद्रों पर परीक्षा शुरू हो जाएगी। फजीवाड़ा रोकने के लिए इन केंद्रों पर फेस रिकोग्निशन (चेहरे की पहचान) मशीन लगाई जा रही है। इस मशीन में ऐसे साल्वरों का भी डाटा रहेगा, जो अकसर प्रतियोगी परीक्षाओं में दूसरों के नाम पर परीक्षा देने बैठते हैं। अभ्यर्थियों के फिंगर प्रिंट और आइरिस स्कैन करने वाली मशीन भी लगाई जाएगी, ताकि उनकी पूरी बायोमैट्रिक पहचान की पुष्टि की जा सके। व्यक्तिगत पहचान की इन तीन प्रणालियों के बाद केंद्रों पर सीसीटीवी की क्षमता भी बढ़ाई जाएगी, ताकि उनकी प्रत्येक गतिविधि पर कंट्रोल रूम से भी नजर रखी जा सके। ईएसबी फजीवाड़ा रोकने के लिए एआई का भी इस्तेमाल करेगा।

# सरकारी स्कूलों में अतिथि शिक्षकों की होगी नियुक्ति

- खाली पदों को भरने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश



**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने खाली पदों पर अतिथि शिक्षकों की तत्काल नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। यह फैसला सत्र के बीच भर्ती प्रक्रिया में देरी की वजह से लिया गया है। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में लगभग 70,000 से अधिक पद खाली हैं। इनमें प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर के शिक्षकों की कमी है। सत्र 2025-26 के बीच स्थायी भर्ती में हो रही देरी के कारण सरकार अतिथि शिक्षकों का सहारा ले रही है। स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी प्राचार्यों को निर्देश जारी किए हैं कि वे स्थानीय स्तर पर योग्य अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति करें। यह प्रक्रिया जीएफएमएस (गेस्ट फैकल्टी मैनेजमेंट सिस्टम) पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन होगी।

# कोरोना से भी खतरनाक बीमारी मेलिओइडोसिस की मप्र में एंट्री • 10 में से 4 मरीजों की हो रही मृत्यु

- ग्वालियर से 26 जून को रवाना होगा पहला जत्था



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में नई बीमारी मेलिओइडोसिस की एंट्री हो चुकी है। यह कोरोना से भी खतरनाक है। इस बीमारी के शुरूआती लक्षण समझना बड़ा मुश्किल होता है। दरअसल मेलिओइडोसिस को शुरू में लोग सामान्य खांसी-बुखार की तरह लेते हैं और इसकी समुचित जांच नहीं कराते। समय के साथ जब संक्रमण बढने लगता है, तो इसके लक्षण टीबी की तरह हो जाते हैं। जिससे आसानी से यह बीमारी पकड़ में नहीं आती। लेकिन यदि मरीज इसके इलाज में लापरवाही बरतते हैं और इलाज नहीं कराते तो फिर आगे जान जाने का खतरा भी होता है। बता दें कि भोपाल के रहने वाले 45 वर्षीय किसान को कई महीनों से बार-बार बुखार, खांसी और सीने में दर्द की शिकायत थी। स्थानीय इलाज लेने के बावजूद हालत सुधर नहीं रही थी। मरीज के लक्षण देखकर डॉक्टरों को पहले लगा कि यह टीबी (क्षय रोग) है और महीनों तक इसकी दवाइयां भी दी गईं लेकिन कोई असर नहीं हुआ। मरीज को आखिरकार एम्स भोपाल रेफर किया गया। जहां माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने विशेष जांच की और पाया कि यह टीबी नहीं, बल्कि मेलिओइडोसिस है। इसके बाद मरीज का उपचार किया गया और कुछ ही हफ्ते में मरीज स्वस्थ हो गया।

### अब तक 130 मरीज आए सामने

*एम्स के डॉ. विक्रम बट्टी ने बताया कि एम्स भोपाल के माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने पिछले 6 वर्षों से मेलिओइडोसिस के मामले लगातार पहचाने हैं। अब तक 130 से अधिक रोगियों की पुष्टि हो चुकी है जो दूसरे राज्यों के 20 से भी ज्यादा जिलों से हैं। यह साबित करता है कि यह रोग अब मध्य प्रदेश में स्थानिक हो चुका है। मेलिओइडोसिस को लेकर एम्स भोपाल करीब ढाई साल से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। अब तक एम्स भोपाल ने 25 सरकारी और निजी संस्थानों के 50 से ज्यादा माइक्रोबायोलॉजिस्ट और चिकित्सकों को प्रशिक्षित किया है।*

### 10 में से 4 मरीजों की हो जाती है मृत्यु

*एम्स के डॉ. विक्रम बट्टी ने बताया कि यह इतना खतरनाक है कि यदि समय पर इलाज न मिले तो मरीज की मौत निश्चित है। डॉक्टरों का कहना है कि यह बीमारी शुरूआती लक्षणों में समझ में नहीं आती है। इसके लिए विशेष जांचों की आवश्यकता होती है। यही कारण है कि लोगों को बीमारी का पता तब चलता है, जब मरीज की हालत गंभीर हो जाती है और उसके पूरे शरीर में संक्रमण फैल चुका होता है। इसीलिए मेलिओइडोसिस से पीड़ित हर 10 में से 4 लोगों की मृत्यु हो जाती है।*

### 20 जिलों में पहुंचा मेलिओइडोसिस

*बता दें कि मेलिओइडोसिस दक्षिण-पूर्व एशिया और उत्तरी आस्ट्रेलिया के लिए बड़ी स्वास्थ्य चुनौती है। जबकि भारत के मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा में इसके बढ़ते केस चिंता का विषय हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी इस बीमारी को तेजी से उभरती उपेक्षित बीमारियों की सूची में रखा है। मध्य प्रदेश में भी बीते 6 सालों में 20 जिलों से 130 मरीज चिन्हित किए गए हैं। इनमें 14 नए मामले शामिल हैं।*

### कैलारस शुगर मिल पर महासंग्राम

# 21 को जुटेंगे किसान, राकेश टिकैत भरेंगे हुंकार

**भोपाल।** कैलारस शुगर मिल की नीलामी के विरोध में किसान अब आर-पार की लड़ाई के मूड में आ गए हैं। मुरैना में 21 सितंबर को किसान शक्ति प्रदर्शन करने वाले हैं। इस मौके पर किसान नेता राकेश टिकैत आवाज बुलंद करेंगे। उनके साथ होंगे मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी। किसानों के साथ ही कांग्रेस ने इस आंदोलन की तैयारियां कई दिन पहले से शुरू कर दी। शक्कर कारखाना बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले जौरा कांग्रेस विधायक पंकज उपाध्याय गांव-गांव घूमकर किसानों को जागरूक कर रहे हैं। पंकज उपाध्याय का कहना है कि वह अभी तक 350 गांवों का भ्रमण कर किसानों को आंदोलन में शामिल होने का न्योता दे चुके हैं। कैलारस शुगर मिल को 1972 में किसानों ने अपने खून-पसीने की कमाई से खड़ा किया। बीजेपी सरकार ने इसे साजिश के तहत बंद कर दिया। किसानों की एक ही डिमांड है कि शुगर मिल चालू की जाए। कारखाना चालू नहीं होने तक जारी रहेगा आंदोलन कांग्रेस विधायक पंकज उपाध्याय ने बताया कि आंदोलन को मजबूती देने के लिए किसान नेता राकेश टिकैत भी हमारे बीच आ रहे हैं। इस आंदोलन में 5 हजार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ 50 हजार किसान शामिल होंगे। जब तक कारखाना चालू नहीं हो जाता, अंदोलन जारी रहेगा। सरकार की मंशा कारखाने को खत्म कर करोड़ों की जमीन को हड़पने की है। हम सरकार की इस मंशा को पूर्ण नहीं होने देंगे। पंकज उपाध्याय ने अंदोलन की तैयारियो को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं के साथ बैठक भी की। जीतू पटवारी भी होंगे आंदोलन में शामिल कांग्रेस का कहना है कि मध्य प्रदेश सरकार ने अभी हाल ही में शुगर मिल बेचने का निर्णय लिया है। इसको लेकर किसानों में भारी आक्रोश है। कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज तोमर ने बताया कि कैलारस शुगर मिल चालू करवाने के लिए किसान आंदोलन करेंगे। इसमें किसान नेता राकेश टिकैत तथा पीसीसी चीफ जीतू पटवारी भी शामिल होंगे। हमें किसानों का भरपूर समर्थन मिल रहा है।

# ई-अटेंडेंस की समीक्षा करेगा स्कूल शिक्षा विभाग

## अतिथि शिक्षक कर रहे विरोध, साइकिल और स्कूटी वितरण की होगी समीक्षा



**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग की ई-अटेंडेंस व्यवस्था का विरोध कर रहे अतिथि शिक्षकों की अटेंडेंस और मानदेय को लेकर 22 सितम्बर को बैठक करेगा। इसके साथ ही अतिथि शिक्षकों के जॉइनिंग और उनको लेकर न्यायालय में चल रहे मामलों की भी समीक्षा की जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग संयुक्त संचालकों, जिला शिक्षा अधिकारियों, जिला परियोजना समन्वयकों, विकास खंड शिक्षा अधिकारियों और नोडल प्राचार्यों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से रिपोर्ट लेगा और इसके बाद इस मामले में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। नवरात्र के पहले दिन होने वाली इस वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठक में हर जिले और संभाग की अलग-अलग रिपोर्ट ली जाएगी। बैठक में अतिथि शिक्षकों के लंबित न्यायालयीन प्रकरण की समीक्षा और चालू शिक्षा सत्र में जुलाई और अगस्त का अतिथि शिक्षकों का मानदेय जारी करने की समीक्षा की जाएगी। दरअसल, स्कूल शिक्षा विभाग ने जुलाई से हमारे शिक्षक एप पर ई अटेंडेंस अनिवार्य कर दी है लेकिन अतिथि शिक्षक ई अटेंडेंस नहीं लगा रहे हैं। उनके द्वारा ई अटेंडेंस का विरोध करने और नियमितिकरण को लेकर दो दिन पहले भोपाल में प्रदर्शन और सभा भी की जा चुकी है। ई-अटेंडेंस की समीक्षा के दौरान प्रदेश भर के रेगुलर शिक्षकों की उपस्थिति का भी रिव्यू किया जाएगा।

### इन मुद्दों पर भी होगी चर्चा

*सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिन से अधिक पेंडिंग कंप्लेंट की समीक्षा। ई अटेंडेंस की समीक्षा। कक्षा नौ से 12वीं में नामांकन, प्रोफाइल अपडेशन और छात्रवृत्ति योजनाओं का रिव्यू। किताबों का वितरण और विमर्श पोर्टल पर नामांकन की डिमांड। अपार आईडी की प्रोग्रेस का रिव्यू। एक पेड़ मां के नाम की समीक्षा। समग्र शिक्षा और पीएमश्री विद्यालयों में स्कूल इनोवेशन काउंसिल का गठन और पीजीएफएमएस पोर्टल द्वारा अतिथि शिक्षकों की जॉइनिंग की समीक्षा। चालू शिक्षा सत्र में निशुल्क साइकिल वितरण योजना के क्रियान्वयन का रिव्यू। सत्र 2024-25 के पात्र विद्यार्थियों की ई स्कूटी वितरण की जिलेवार जानकारी और राशि आवंटन की समीक्षा। लंबित पेंशन प्रकरण। जिला और संचालनालय स्तर पर लंबित रिकवरी केस की समीक्षा। अनुदान प्राप्त शालाओं में बजट उपयोग की समीक्षा। निकायों के अधीन संस्थानों में छात्रों को दी जा रही मूलभूत सुविधा की समीक्षा। 2024-25 के लिए इंस्पायर अवार्ड के नामांकन पर चर्चा।*

# विधायकों और जिलाध्यक्षों में नहीं बन पा रहा समन्वय

- भाजपा के डेढ़ दर्जन से ज्यादा जिलों में कार्यकारिणी के गठन का इंतजार



**भोपाल।** भाजपा के जिला स्तर पर संगठनात्मक ढांचा मजबूत करने की कवायद अधर में अटकी हुई है। प्रदेश के लगभग तीन दर्जन से अधिक जिलों में अब तक जिला कार्यकारिणी का गठन नहीं हो पाया है। संगठन स्तर पर इस मामले को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, अधिकांश जिलों में विधायकों और जिलाध्यक्षों के बीच नामों पर सहमति नहीं बन पा रही है। इस कारण कई जिलों की कार्यकारिणी अटकी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार दौरों और कार्यक्रमों के चलते पार्टी का शीर्ष नेतृत्व और संगठन प्रभारी पिछले कुछ महीनों से बेहद व्यस्त रहा। यही कारण है कि जिलों की कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया लंबित हो गई। अब इसे लेकर जिला स्तर के नेता और कार्यकर्ता असमंजस में हैं। सूत्रों के अनुसार, जिन जिलों में कार्यकारिणी का गठन नहीं हो सका है वहां स्थानीय स्तर पर नामों को लेकर मतभेद बने हुए हैं। संगठनात्मक समीकरण और गुटबाजी भी देरी का बड़ा कारण मानी जा रही है। भाजपा संगठन में लंबे समय बाद खंडला जिले की कार्यकारिणी घोषित की। वहीं, अब तक जिन जिलों में कार्यकारिणी का गठन किया जा चुका है।

### निगम-मंडल नियुक्तियों की अटकलें

इसके अलावा मध्य प्रदेश की राजनीति में लंबे समय से लंबित निगम-मंडल नियुक्तियां और मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भी अटकलें लगाई जा रही है। सत्ता पक्ष के भीतर यह चर्चा जोरों पर है कि पितृपक्ष के बाद भाजपा संगठन और सरकार बड़े फैसले कर सकती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश संगठन की टीम इस दिशा में सक्रिय बताई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि नवरात्रि में संगठन और सरकार मिलकर नियुक्तियों और नए चेहरों को जिम्मेदारी सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। बता दें, अभी मोहन कैबिनेट में चार मंत्रियों की जगह खाली है।

## एफएसएसएआई के नियमों में होगा संशोधन, बिना कंफ्यूजन मप्र के होटलों में लीजिए खाने का मजा

# वेज-नॉन वेज का नहीं होगा पंगा



**भोपाल।** उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा के दौरान शाकाहारी होटलों में मांस परोसने का आरोप लगने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इन प्रदेशों की होटलों के बाहर मालिक का नाम, क्यूआर कोड और बाहर बोर्ड पर खाने के बारे में जानकारी प्रदर्शित करने के निर्देश दिए थे। जिससे कि लोगों को बाहर से पता चल सके, कि संबंधित होटल में शाकाहारी भोजन मिलेगा या मांसाहारी। अब ऐसा ही प्रयोग मध्य प्रदेश में करने की तैयारी की जा रही है। हालांकि यहां कोई होटलों में खाना परोसने को लेकर विरोध नहीं है, लेकिन इससे सरकार भविष्य होने विवाद होने की संभावना को खत्म करना चाहती है। होटल या रेस्टोरेंट में खाना खाने से पहले शाकाहारी भोजन करने वाले अधिकतर लोग इसलिए असमंजस की स्थिति में रहते हैं, क्योंकि उन्हें होटल के खाने में शुद्धता को लेकर संदेह बना रहता है। कई बार हमें पता नहीं होता और

### मिश्रित भोजन के लिए लाल और हरे रंग का निशान

*बता दें कि इसके लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण यानि एफएसएसएआई के नियमों में भी संशोधन किया जाएगा। होटलों के बाहर लगने वाले बोर्ड में पूर्णतः शकाहारी लिखना होगा। इसके लिए हरे रंग का गोल निशान लगाना होगा। वहीं मांसाहार परोसने वाले भोजनालयों को अपने बोर्ड में लाल रंग का गोल निशान लगाना होगा। इसी प्रकार जिस होटल या रेस्टोरेंट में शाकाहारी और मांसाहारी भोजन दोनों परोसे जाते हैं, ऐसे होटलों के बाहर बोर्ड के गोले में आधा लाल और आधा हरा निशान लगाना होगा।*

# नेत्रदान पर शोध के लिए एम्स भोपाल की नर्सिंग ऑफिसर को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

**भोपाल।** एम्स भोपाल ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्टता का परिचय दिया है। नेत्र रोग विभाग के नेत्र बैंक शाखा की सीनियर नर्सिंग ऑफिसर पूजा हेरोलिया ने संस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए नागपुर में आयोजित आई बैंक एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एइअक) की 15वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन कॉर्निया एंड आई बैंकिंग में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) माधवानंद कर के नेतृत्व और विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) भावना शर्मा के मार्गदर्शन में, सुश्री हेरोलिया ने ह्क्या हमारे पास पर्याप्त कॉर्नियल डोनर हो सकते हैं? और क्या-क्या करने की आवश्यकता हैह्व विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति को केंद्रीय आयोजन समिति द्वारा विशेष सराहना मिली और पुरस्कृत किया गया। प्रो. (डॉ.) भावना शर्मा ने कहा कि एम्स भोपाल का नेत्र रोग विभाग ऊतक प्रत्यारोपण और नेत्रदान के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने सुश्री हेरोलिया के योगदान को नर्सिंग स्टाफ के लिए प्रेरणादायक बताते हुए सभी नर्सिंग कर्मियों और चिकित्सकों से शोध व नवाचार में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास और समर्पण से ही विभाग की प्रतिष्ठा राष्ट्रीय स्तर पर और ऊँचाई पर पहुँचेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पुतिन विरोधी नवेलनी की पत्नी बोलीं- रूस के दिवंगत विपक्षी नेता को जहर दिया गया था

**मास्को, एजेंसी।** रूस के दिवंगत विपक्षी नेता अलेक्सी नवल्नी की मौत पर नया विवाद खड़ा हो गया है। उनकी पत्नी यूलिया नवल्नाया का कहना है कि विदेश की दो प्रयोगशालाओं ने परीक्षण में साबित किया है कि नवल्नी को मौत से पहले ज़हर दिया गया था। हालांकि राजनीतिक दबावों के कारण लैब्स ने रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की है। 47 वर्षीय नवल्नी की फरवरी 2024 में आर्कटिक की जेल कॉलोनी में मौत हुई थी। अधिकारियों का दावा है कि उनकी मौत दिल की धड़कन अनियमित होने से हुई, मगर नवल्नाया ने इसे झूठ करार दिया। उन्होंने राष्ट्रपति पुतिन पर हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि चुप्पी रखने से उन्हें रोका नहीं जा सकता। नवल्नी 2020 में भी नोविचोक नर्व एजेंट से ज़हर दिए जाने की घटना से बाल-बाल बचे थे, जिसे यूरोपीय लैब्स और ओपीसीडब्ल्यू ने प्रमाणित किया था।

### अमेरिका में ट्रम्प का 12 फीट ऊंचा गोल्डन स्टैच्यू लगाया, हाथ में बिटकॉइन लिए दिखे

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में यूएस कैपिटल बिल्डिंग के बाहर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 12 फीट ऊंची सुनहरी मूर्ति लगाई गई है। इस मूर्ति में ट्रम्प हाथ में बिटकॉइन थामे दिखाई दे रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मूर्ति को क्रिप्टोकरेंसी निवेशकों ने फंड किया है। इसका मकसद डिजिटल करेंसी, मौद्रिक नीति और वित्तीय बाजारों में सरकार की भूमिका को लेकर बहस छेड़ना है। सोशल मीडिया पर ट्रम्प की इस मूर्ति की तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं। समर्थकों का कहना है कि यह ट्रम्प के क्रिप्टो समर्थन का प्रतीक है। यह अनावरण ऐसे समय हुआ है जब अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। यह दिसंबर 2024 के बाद पहली बार है जब फेड ने दरें घटाई हैं। फेड ने इस साल दो और कटौती की योजना बताई है, जबकि 2026 में केवल एक कटौती का संकेत दिया है। वॉल स्ट्रीट पर इस फैसले को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया देखी जा रही है।

### जेन-जी के प्रदर्शनों में मारे गए लोगों के सम्मान में राष्ट्रीय शोक दिवस

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में बुधवार को जेन-जी के विरोध प्रदर्शनों के दौरान मारे गए लोगों के सम्मान में राष्ट्रीय शोक दिवस मनाया गया। इस मौके पर देश के सभी सरकारी कार्यालय और शैक्षणिक संस्थान बंद रहे। गृह मंत्रालय ने कहा, जेन-जी द्वारा 8 और 9 सितंबर को आयोजित विरोध प्रदर्शनों के दौरान मारे गए लोगों की स्मृति में पूरे नेपाल में राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहे। इसके साथ ही विदेशों में सभी नेपाली दूतावास और मिशन भी इस मौके पर बंद रहे। इससे पहले प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने घोषणा की थी कि 8 और 9 सितंबर को जनरेशन-जी के विरोध प्रदर्शन के दौरान मारे गए लोगों को बलिदानी घोषित किया जाएगा। इन हिंसक विरोध प्रदर्शनों में मारे गए 72 लोगों में 3 पुलिसकर्मी भी थे। आंदोलन के दौरान राजनीतिक नेताओं के घरों, वाहनों को फूंक दिया गया था। इस बीच देश में भारी अशांति के बाद विजयादशमी व दीपावली के त्योहारों के नजदीक आते ही लोग बाजारों में खरीदारी में भी व्यस्त हो गए हैं।

### न्यूयॉर्क टाइम्स और टीएमजेड के खिलाफ अमेजन जनजाति का मुकदमा खारिज

**बीजिंग, एजेंसी।** कैलिफोर्निया के एक अदालत ने ब्राजील के अमेजन क्षेत्र की एक जनजाति द्वारा अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स और टीएमजेड के खिलाफ दायर मुकदमे को खारिज कर दिया है। इस मुकदमे में दावा किया गया था कि अखबार ने जनजाति के इंटरनेट से पहली बार परिचित होने पर जो रिपोर्टिंग की, उसमें जनजाति के सदस्यों को व्यापक रूप से तकनीक से प्रभावित और अश्लील सामग्री के आदी के रूप में चित्रित किया गया। यह मुकदमा मई में जावरी घाटी की मारुबो जनजाति द्वारा दायर किया गया था, जो अमेजन वर्षावन में लगभग 2,000 लोगों का समुदाय है।

**अफगानिस्तान को आतंक मुक्त करने के लिए यूएन में बोला**

# भारत- लश्कर और जैश संगठनों पर वैश्विक कार्रवाई जरूरी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद पर बड़ा हमला बोला है। भारत ने साफ कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय यह सुनिश्चित करे कि ये संगठन और उनके मददगार अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने के लिए अब और न कर सकें। यह संदेश भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने सुरक्षा परिषद की अफगानिस्तान पर बैठक में दिया।

हरीश ने कहा कि भारत लगातार अफगानिस्तान की स्थिति पर नजर रख रहा है। अफगानिस्तान और भारत के बीच गहरा सभ्यतागत रिश्ता है और इसी कारण शांति और स्थिरता भारत के लिए बेहद अहम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकियों के लिए किसी भी तरह की जगह छोड़ना दुनिया और खासकर इस क्षेत्र के लिए खतरनाक है।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक मंचों पर इस बात पर जोर दिया है कि आतंकवाद का मुकाबला करने में सभी



देशों की साझा जिम्मेदारी है। हरीश ने कहा कि यूएनएससी द्वारा घोषित आतंकी संगठन, चाहे वह आईएसआईएस हो, अल-कायदा हो या फिर पाकिस्तान समर्थित लश्कर और जैश, इन पर सख्त कार्रवाई जरूरी है।

हरीश ने कहा कि भारत अफगानिस्तान के मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहमति का पक्षधर है। भारत ने दोहा और अन्य क्षेत्रीय बैठकों में भी सक्रिय भागीदारी की है ताकि शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर दो बार अफगान कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी से बात कर चुके हैं। भारत ने अफगानिस्तान की ओर से 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा का भी स्वागत किया।भारत का कहना है कि केवल दंडात्मक कदमों से समस्या हल नहीं होगी। हरीश ने कहा कि अफगानिस्तान के लिए नई और व्यावहारिक नीति की जरूरत है। सिर्फ प्रतिबंध या पुराने तरीकों से आगे नहीं बढ़ा जा सकता। उन्होंने कहा कि जैसा चल रहा है वैसा ही चलता रहे वाली नीति से कोई फायदा नहीं होगा। जरूरत है कि सकारात्मक रवैये को प्रोत्साहित किया जाए और नकारात्मक गतिविधियों को हतोत्साहित किया जाए। हरीश ने अफगानिस्तान में आए भूकंप का जिक्र करते हुए कहा कि भारत सबसे पहले राहत पहुंचाने वाले देशों में शामिल था। भारत ने 1,000 परिवारों के लिए टेंट और 15 टन खाद्य सामग्री भेजी। इसके अलावा 21 टन राहत सामग्री जिसमें दवाएं, हाइजीन किट, कंबल और जनरेटर शामिल थे, भी भेजे गए। आने वाले दिनों में और मदद भेजी जाएगी।

### अफगान जनता की मदद में भारत का योगदान

अगस्त 2021 में तालिबान के काबुल पर कब्जे के बाद भारत लगातार मदद भेज रहा है। अब तक भारत ने 50,000 टन गेहूं, 330 टन से ज्यादा दवाएं और टीके, 40,000 लीटर कीटनाशक और कई अन्य आवश्यक सामग्री भेजी हैं। इसके अलावा भारत ने यूएनओडीसी के सहयोग से महिलाओं पर केंद्रित नशामुक्ति कार्यक्रमों के लिए भी मदद दी है।

**विकास परियोजनाओं के जरिए भारत का भरोसा :** भारत का कहना है कि अफगानिस्तान की विकास जरूरतें पूरा करना उसकी प्राथमिकता है। भारत ने वहां 500 से ज्यादा विकास परियोजनाएं पूरी की हैं। भारत का मानना है कि शांति और स्थिरता तभी संभव है जब वहां के लोग गरीबी, बीमारी और भुखमरी से बाहर निकलें। भारत ने दोहराया कि अफगानिस्तान की मदद के लिए उसकी प्रतिबद्धता गैर-समझौतावादी है।

## पाकिस्तानी बाप-बेटे ने न्यूज चैनल की वैन में लगाया बम

**हथियारों व नशे सहित गिरफ्तार**



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के यूटा राज्य से एक सनसनीखेज खबर सामने आई है। यहां साल्ट लेक सिटी में एफबीआई ने दो पाकिस्तानी मूल के नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जिन पर आरोप है कि उन्होंने एक न्यूज चैनल की वैन के नीचे बम लगाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह बम इसलिए लगाया गया था क्योंकि वह न्यूज चैनल चार्ली करक की मौत की रिपोर्टिंग कर रहा था। माना जा रहा है कि आरोपियों ने चैनल को डराने के लिए यह खतरनाक साजिश रची। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अदीब नासिर (58) और उसके बेटे आदिल अहमद नासिर (31) के रूप में हुई है। दोनों मैगना (यूटा) में रहते थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि न्यूज चैनल की वैन के नीचे संदिग्ध विस्फोटक सामग्री रखी गई है। जैसे ही बम की सूचना पुलिस को मिली, तुरंत इलाके के सभी घरों को खाली करा लिया गया। गनीमत रही कि यह बम फटा नहीं, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।मौके पर पहुंची बम स्क्वाड टीम ने सावधानी से बम को डिफ्यूज कर दिया। इसके बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## गाजा पर टोटल वार शुरू! नेतन्याहू ने सेना को दी छूट

**यरूसलम, एजेंसी।** इजराइल और गाजा के बीच युद्ध और भी भयावह मोड़ पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इज़राइली डिफेंस फोर्स को स्पष्ट आदेश दिया है कि वे गाजा में हमास के खिलाफ बिना किसी रोक-टोक के सैन्य कार्रवाई करें। नेतन्याहू ने कहा, हम इस युद्ध को हर हाल में जीतेंगे, चाहे कीमत कुछ भी चुकानी पड़े। इज़राइल का दावा है कि उसके हमलों का निशाना केवल हमास के ठिकाने और हथियारों के भंडार हैं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अब तक 64,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं जिनमें बड़ी संख्या में बच्चे और महिलाएं शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा- हम किसी भी अंतर्राष्ट्रीय दबाव में नहीं झुकेंगे। खुली छूट है कि वे आतंकवाद के हर ठिकाने को ध्वस्त करें। गाजा को हमास-मुक्त करना हमारा मिशन है। संयुक्त राष्ट्र ने लगातार युद्धविराम की अपील की है और नागरिकों पर हमलों को लेकर चिंता जताई है। अमेरिका ने इज़राइल को सैन्य समर्थन जारी रखने की बात कही, लेकिन मानवीय सहायता के लिए अस्थायी युद्धविराम की मांग की है। तुर्की, ईरान और कई अरब देशों ने इज़राइल की कार्रवाई को नरसंहार बताया और वैश्विक हस्तक्षेप की मांग की है। गाजा में खाद्य, पानी और दवाइयों की भारी कमी है। हजारों परिवार विस्थापित हो चुके हैं और संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार 10 लाख से अधिक लोग शरणार्थी शिविरों में ठिकाने ढूंढ रहे हैं। अस्पतालों में ईंधन और दवाइयों की कमी से हालात बेहद खराब हैं। नेतन्याहू की खुली छूट वाली घोषणा ने संकेत दे दिया है कि आने वाले दिनों में गाजा पर सैन्य दबाव और भी बढ़ेगा। इस युद्ध का अंत कब और कैसे होगा, यह कहना अभी मुश्किल है, लेकिन इतना तय है कि गाजा की त्रासदी और गहरी होती जाएगी

## कैंसर से जूझ रही ग्रीक महिला की कीड़े के काटने से मौत

**पुलिस कर रही जांच-पड़ताल**

**लंदन, एजेंसी।**
ग्रीक उत्तराधिकारी और कैंसर से जूझ रही 28 साल की मारिसा लाइमौ की लंदन में एक कीड़े के काटने से मौत हो गई।

इस जानकारी को उनकी मां ने साझा किया है। द स्टैंडर्ड के अनुसार, लाइमौ जहाज मालिकों के लाइमोस परिवार की सदस्य हैं। उन्हें 11 सितंबर को उनके अपार्टमेंट में उनकी हाउसकीपर ने मृत अवस्था में देखा था।

उनकी मां बेसी लाइमौ ने दावा किया कि उनकी बेटी चक्कर आने, बुखार और संक्रमण जैसे लक्षणों की शिकायत लेकर अस्पताल गई थी। ये कथित तौर पर कीड़े के काटने के कारण हुए थे। लेकिन उन्हें वापस भेज दिया गया। उनकी मां ने रिपोर्टों के हवाले से कहा, उसे एक कीड़े ने काट लिया था, उसे खुजली हो रही थी, वह डॉक्टर के पास गई, उसने एंटीबायोटिक्स लीं, उसने खाया, सोई, और वह कभी नहीं उठी। मेरी बेटी कैंसर से बच गई। मेरी छोटी बच्ची। वह बहुत सारी प्रतिभाओं वाली लड़की थी। पूरा इंग्लैंड रो रहा है, उसके सभी डॉक्टर भी।

लाइमौ ने एक घरेलू डॉक्टर को दिखाया जिसने उन्हें पैरासिटामोल लेने की सलाह दी। फिर वह एक



ऑन्कोलॉजिस्ट (कैंसर स्पेस्लिस्ट) के पास गईं और उन्हें दूसरे अस्पताल भेज दिया गया, जहां डॉक्टरों की बजाय नर्सों ने उनकी जांच की और एंटीबायोटिक्स देकर छुट्टी दे दी गई।

रिपोर्ट्स के अनुसार, चिकित्सा पेशेवरों ने कहा कि लाइमौ को अस्पताल में भर्ती करने की कोई ज़रूरत नहीं है। उन्होंने उसे एंटीबायोटिक्स दीं और घर भेज दिया। जिस अस्पताल से लाइमौ को घर भेजा गया था, उसने कथित तौर पर इस घटना की आंतरिक जांच शुरू कर दी है। साथ ही यह भी बताया गया है कि आने वाले दिनों में पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। मारिसा की परदादी क्रिसांथी ने पैरापोलिटिका को बताया, डायमेंटिस और बेसी लाइमौ की बेटी की अचानक मौत से पूरा परिवार स्तब्ध है। वह बहुत ही दयालु, शांत, शिक्षित, सुसंस्कृत, विनम्र और सरल लड़की थी। उसे कला और रंगमंच से प्यार था, वह रंगमंच से जुड़ी हुई थी। परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना! शक्ति और साहस! लाइमौ ने सोनिया रिकील और जॉन गैलियानो जैसे फैशन डिजाइनरों के साथ काम किया, रेनबो वेव की स्थापना की, ब्रिटेन के खुदरा विक्रेताओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों को पेश किया।

## शेख हसीना और उनके परिवार का वोटर कार्ड ब्लॉक, अगले चुनाव में वोटिंग पर रोक

**ढाका, एजेंसी।**
बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके परिवार के कई सदस्य अगले साल होने वाले चुनाव में वोट नहीं डाल सकेंगे। उनके राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईडी) कार्ड ब्लॉक कर दिए गए हैं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग (ईसी) के वरिष्ठ सचिव अख्तर अहमद ने बुधवार को पत्रकारों से कहा कि जिन लोगों का राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईडी) ब्लॉक है, वे विदेश से वोट नहीं डाल सकेंगे। उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने मुकदमों या अन्य कारणों से देश छोड़ा है, वे वोट डाल सकते हैं, बशर्ते उनका एनआईडी ब्लॉक न हो।

उन्होंने कहा कि विदेश से वोट देने के लिए एनआईडी नंबर के साथ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा। पासपोर्ट से यह काम नहीं होगा। अगर



किसी का एनआईडी ब्लॉक है, तो वे रजिस्टर नहीं कर सकते और वोट नहीं डाल पाएंगे। केवल एनआईडी के साथ रजिस्टर करने वालों को ही यह मौका मिलेगा।

जब उनसे पूछा गया कि क्या शेख हसीना वोट दे पाएंगी, तो उन्होंने कहा, वह वोट नहीं दे पाएंगी, क्योंकि उनका एनआईडी ब्लॉक कर दिया गया है। राष्ट्रीय पहचान पंजीकरण विंग ने अपने महानिदेशक, एएसएम हुमायूं कबीर के मौखिक निर्देश के बाद हसीना और उनके परिवार के नौ सदस्यों की एनआईडी को लॉक कर दिया था।

परिवार के सदस्यों में शेख रेहाना सिद्दीकी, सजीब वाजेद जॉय, साइमा वाजेद, शाहनाज सिद्दीकी, बुशरा सिद्दीकी, ट्यूलिप रिजवाना सिद्दीकी, अजमीरा सिद्दीकी, राडवान मुजीब सिद्दीकी और तारिक अहमद सिद्दीकी शामिल हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, जुलाई की शुरुआत में चुनाव आयोग ने देश में पार्टी के दशकों पुराने राजनीतिक अस्तित्व को समाप्त करने के प्रयास में हसीना की अवामी लीग पार्टी के चुनाव चिन्ह को अपनी वेबसाइट से हटा दिया था।

12 मई को मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने एक राजपत्र अधिसूचना जारी कर अवामी लीग और उसके सहयोगी संगठनों की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। यह प्रतिबंध आतंकवाद विरोधी अधिनियम के तहत तब तक लगाया गया है जब तक कि बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) में पार्टी और उसके नेताओं के खिलाफ मुकदमा पूरा नहीं हो जाता। विश्लेषकों का मानना है कि यह ताजा घटनाक्रम पूर्व प्रधानमंत्री हसीना और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार द्वारा की जा रही राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई का विस्तार है, जिसमें अवामी लीग को राष्ट्रीय चुनावों में भाग लेने से दूर रखने की बड़ी योजना है।

## बांग्लादेश में सूफी इस्लाम पर भी खतरा, 100 से ज्यादा हमले

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में बीते साल शेख हसीना को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद से ही कट्टरपंथी ताकतें हावी हैं। हिंदुओं, ईसाइयों पर हमले के बाद मुसलमानों का ही एक तबका इन कट्टरपंथियों के निशाने पर है। एकदम पाकिस्तान की राह पर ही चलते हुए बांग्लादेश के कट्टरपंथियों ने देश भर में 100 जगहों पर सूफी संतों की मजारों पर हमले किए हैं। इससे पहले हिंदू मंदिरों, ईसाई समुदाय की चर्चों और अहमदिया समुदाय की मस्जिदों को टारगेट किया जाता रहा है। बांग्ला संस्कृति में सूफी संतों की मजारों और दरगाहों का एक लंबा इतिहास रहा है। लेकिन वहाबी इस्लाम में किसी मजार या दरगाह आदि को स्वीकार नहीं किया जाता।

जानकारी के मुताबिक बांग्लादेश में शेख हसीना की सत्ता से विदाई होने के बाद से अब तक 100 सूफी मजारों पर हमले हो चुके हैं। अब तक ऐसे मामलों में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने कोई ऐक्शन नहीं लिया है। माना जाता है कि सूफी संतों की मजारें और दरगाहें इस्लाम के उदार स्वरूप का हिस्सा रही हैं, लेकिन वहाबी कट्टरपंथी इनके खिलाफ रहे हैं। यही कारण है कि अफगानिस्तान, पाकिस्तान से लेकर बांग्लादेश तक में इन पर निशाने साधे जा रहे हैं। इन हमलों में मजारों को तोड़ना, लूटना और वहां मौजूद लोगों की पिटाई तक शामिल है।

माना जा रहा है कि बांग्ला समुदाय में सेकुलरिज्म के मूल्यों को कमजोर करने और हिंदू समुदाय के साथ सद्भाव को खत्म करने के लिए भी इस तरह के हमले हो रहे हैं। इस्लाम की शुद्धता के नाम पर इस तरह के हमले दूसरे धर्मों के लोगों पर हो रहे हैं। दरअसल भारतीय उपमहाद्वीप में सूफी परंपरा का विकास कई सदियों पुराना है।

## ट्रंप से मेरा कोई रिश्ता नहीं, वह कोई सम्राट नहीं हैं

**ब्रासीलिया , एजेंसी।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुई इनाशियो लुला डा सिल्वा ने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप के प्रति खुलकर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने साफ कर दिया है कि ट्रंप के साथ उनका किसी भी तरह का रिस्ता नहीं है। उन्होंने अमेरिकी की तरफ से ब्राजील पर लगाए गए टैरिफ को भी राजनीतिक दुश्मनी करार दिया है। खास बात है कि भारत की तरह ही ट्रंप ने ब्राजील पर भी 50 फीसदी टैरिफ लगाया है।

बीबीसी से बातचीत में सिल्वा ने चेताया है कि टैरिफ के चलते अमेरिकी जनता को कॉफी और मांस जैसे ब्राजीली उत्पादों के लिए ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ेगा। उन्होंने पहले कहा था, राष्ट्रपति ट्रंप ब्राजील के साथ अपने रिश्तों में जो गलती कर रहे हैं, उसका भुगतान अमेरिका के लोग करेंगे। जब सवाल किया गया कि ट्रंप से संपर्क करने की कोशिश क्यों नहीं की गई, तो इसपर सिल्वा ने कहा, मैंने कभी कॉल की कोशिश नहीं की, क्योंकि उन्हें (ट्रंप को) को कभी बात ही नहीं करनी थी। खास बात है कि ट्रंप ने का था कि ब्राजील के राष्ट्रपति उन्हें कभी भी कॉल कर सकते हैं। अब सिल्वा ने बताया कि ट्रंप प्रशासन के लोग बात नहीं करना चाहते हैं। बीबीसी से बातचीत में सिल्वा ने ट्रंप के काम करने के तरीके पर भी सवाल उठाए।

**बीएलए और मजीद ब्रिगेड को आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग**

# पाकिस्तान और चीन का संयुक्त प्रस्ताव

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।**
पाकिस्तान और चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसकी आत्मघाती शाखा मजीद ब्रिगेड को आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए संयुक्त प्रस्ताव पेश किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के सामने यह प्रस्ताव पेश किया गया है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने बुधवार को कहा कि आईएसआईएल-के, अल-कायदा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट, बीएलए और उसकी मजीद ब्रिगेड सहित कई



आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान से संचालित हो रहे हैं। पाकिस्तान ने दावा किया कि उसकी सीमा के पार अफगानिस्तान में 60 से ज्यादा आतंकी शिविर संचालित हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में पाकिस्तान के विशेष प्रतिनिधि अहमद ने कहा, पाकिस्तान और चीन ने संयुक्त रूप से 1267 प्रतिबंध समिति को बीएलए और मजीद ब्रिगेड को प्रतिबंधित करने का अनुरोध किया है। हमें उम्मीद है कि परिषद उनकी आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रस्ताव पर जल्द कार्रवाई करेगी। पाकिस्तान वर्तमान में 15 देशों की सुरक्षा परिषद में 2025-26 के कार्यकाल के लिए एक अस्थायी सदस्य के रूप में शामिल है, जबकि चीन इस शक्तिशाली निकाय का वीटो-अधिकार प्राप्त स्थायी सदस्य है। पाकिस्तान 2025 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1988 तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष और आतंकवाद-रोधी समिति का उपाध्यक्ष भी है। अहमद ने कहा कि अफगान तालिबान अधिकारियों को आतंकवाद-रोधी अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करना चाहिए। अहमद ने कहा, अफगानिस्तान से पैदा हुआ आतंकवाद पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। साल 2011 में गठित मजीद ब्रिगेड, बीएलए का आत्मघाती दस्ता है और यह मुख्यतः पाकिस्तान में सुरक्षा बलों और चीनी हितों को निशाना बनाता है। पिछले महीने, अमेरिका ने बीएलए और उसकी आत्मघाती शाखा मजीद ब्रिगेड को एक विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया था। कई आतंकवादी हमलों के बाद 2019 में वाशिंगटन द्वारा बीएलए को एसडीजीटी घोषित किया गया था।

दैनिक प्रभात परिक्रमा

भोपाल, शनिवार 20 सितंबर 2025

# मध्यप्रदेश अग्रवाल महिला महासभा ने मनाई अग्रसेन जयंती









**नगर प्रतिनिधि | भोपाल**

मध्यप्रदेश अग्रवाल महिला महासभा द्वारा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रश्मि अग्रवाल (सोनू दीदी) के नेतृत्व में स्थानीय होटल में अग्रसेन जयंती का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में महापौर श्रीमती मालती राय मुख्य अतिथि के रूप में तथा प्रदेश महामंत्री श्री मुकेश गोयल और प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री नितिन गुप्ता विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिताएँ:** कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना एवं भगवान अग्रसेन जी व मां लक्ष्मी जी की आरती से हुआ। इसके पश्चात पूजा की थाली सजाओ प्रतियोगिता, डांडिया सजाओ प्रतियोगिता और पारंपरिक नृत्य प्रतियोगिता आयोजित हुईं, जिनमें समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया।

**विशिष्ट उपस्थिति:** इस अवसर पर नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष श्रीमती रंजन अग्रवाल, शाजापुर जिला अध्यक्ष श्रीमती कल गर्ग, भेल अध्यक्ष राजश्री गुप्ता, कोलार अध्यक्ष सीमा गर्ग, मारवाड़ी समाज अध्यक्ष मधु अग्रवाल सहित सैकड़ों बहनों ने भागीदारी की। मंच संचालन सुश्री यशस्वी अग्रवाल ने किया।

**ज्ञापन सौंपा गया:** समारोह में अग्रवाल महासभा पदाधिकारियों ने आईटीसी पार्क स्थित भगवान अग्रसेन जी की प्रतिमा पर छत्रीनुमा शेड निर्माण हेतु महापौर को ज्ञापन सौंपा। महापौर ने आश्वासन दिया कि कार्य शीघ्र ही पूरा कराया जाएगा।

**कार्यक्रम संयोजक:** आयोजन में श्रीमती आशा गुप्ता, रचना अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, रिचा गर्ग, बबीता अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, रीना गर्ग, दीपाली अग्रवाल एवं सुमनलता अग्रवाल सहित कई बहनों ने संयोजक की भूमिका निभाई।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने राजयोगिनी बी.के. अवधेश दीदी के निधन पर व्यक्त किया शोक

**नगर प्रतिनिधि भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने ब्रह्मकुमारी संस्था की वरिष्ठ राजयोगिनी एवं भोपाल ज़ोन की क्षेत्रीय निदेशक बी.के. अवधेश दीदी के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि दीदीजी का संपूर्ण जीवन अध्यात्म, सेवा और समाज उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा में नैतिकता और मूल्य आधारित जीवन की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया। भोपाल ज़ोन सहित मध्यप्रदेश के अनेक जिलों में उन्होंने राजयोग प्रशिक्षण, सत्संग और जनजागरण अभियानों के माध्यम से हजारों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि दीदीजी का सरल जीवन, मधुर वाणी और सेवा-भावना हमेशा लोगों को प्रेरणा देती रहेगी। उनका निधन अध्यात्म और समाज सेवा क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है।



### निगम अमले ने 318 प्रकरणों में 54,850 रुपये की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की

# स्पॉट फाईन की कार्यवाही निरंतर जारी

**भोपाल, नप्र।** नगर निगम द्वारा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाने हेतु निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने, कचरा पृथक्कीकरण, दुकानों पर गीले-सूखे कचरे के लिए पृथक-पृथक डस्टबिन रखने, कचरा एकत्र करने आने वाले सफाई मित्रों को ही कचरा देने जैसे स्वच्छता के मानकों का पालन न करने वालों के विरूद्ध स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले ने जोन क्रमांक 15 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 67 में मकान का अधूरा निर्माण कार्य छोड़ने के कारण असामाजिक तत्वों का ढेरा बनने एवं स्थल पर गंदगी पाये जाने पर भवन स्वामी के विरूद्ध 01 हजार रूपये की राशि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की इसके अतिरिक्त शहर के अन्य क्षेत्रों में गंदगी फैलाकर साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने के 318 प्रकरणों में 54 हजार 850 रूपये की राशि वसूल की।



निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर बुधवार को निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने विभिन्न जोन क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए जोन क्रमांक 01 में 30 प्रकरणों में 03 हजार 150 रूपये, जोन क्रमांक 02 में 07 प्रकरणों में 01 हजार 150 रूपये, जोन क्रमांक 03 में 20 प्रकरणों में 02 हजार रूपये, जोन क्रमांक 04 में 03 प्रकरणों में 300 रूपये, जोन क्रमांक 05 में 04 प्रकरणों में 02 हजार 500 रूपये, जोन क्रमांक 07 में 24 प्रकरणों में 02 हजार 400 रूपये, जोन क्रमांक 08 में 01 प्रकरण में 500 रूपये, जोन क्रमांक 09 में 03 प्रकरणों में 300 रूपये, जोन क्रमांक 10 में 31 प्रकरणों में 22 हजार 800 रूपये, जोन क्रमांक 13 में 17 प्रकरणों में 01 हजार 850 रूपये, जोन क्रमांक 14 में 29 प्रकरणों में 02 हजार 900 रूपये, जोन क्रमांक 15 में 10 प्रकरणों में 01 हजार 900 रूपये, जोन क्रमांक 16 में 10 प्रकरणों में 01 हजार रूपये, जोन क्रमांक 17 में 30 प्रकरणों में 02 हजार 500 रूपये, जोन क्रमांक 18 में 25 प्रकरणों में 02 हजार 500 रूपये, जोन क्रमांक 20 में 17 प्रकरणों में 01 हजार 700 रूपये तथा जोन क्रमांक 21 में 17 प्रकरणों में 01 हजार 700 रूपये की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की। इस प्रकार निगम अमले ने कुल 318 प्रकरणों में 54 हजार 850 रूपये की राशि वसूल की।

निगम अमले ने साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों को समझाइश भी दी कि वे सदैव गीला-सूखा व अन्य प्रकार का कचरा पृथक-पृथक डस्टबिन में रखें और पृथक-पृथक ही कचरा एकत्र करने वाले सफाई मित्रों/कचरा गाड़ी को ही दें, दुकानों व संस्थानों पर गीले-सूखे कचरे हेतु पृथक-पृथक डस्टबिन रखें और सार्वजनिक स्थलों पर कचरा, गंदगी न फैलायें अन्यथा और अधिक सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# वृक्षारोपण से पर्यावरण संरक्षण की ओर सार्थक पहल

### शासकीय वाहन चालक यांत्रिक कर्मचारी संघ ने विंध्याचल भवन में किया बरगद का पौधारोपण



**भोपाल, नप्र।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मध्य प्रदेश शासकीय वाहन चालक यांत्रिक कर्मचारी संघ द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री साबिर खान, प्रांतीय कार्यालय सचिव श्री अदनान अहमद, कोषाध्यक्ष श्री मोहम्मद रफीक सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। वृक्षारोपण कार्यक्रम विंध्याचल भवन प्रांगण में आयोजित किया गया, जहाँ बरगद के वृक्ष का सामूहिक रूप से रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में दीपक पगारे, महेश सोनिया, ओवैस खान, अशोक निनामा, कमल मेहरौलीया, मुंशी पाल, हेमंत, के एल पांडे सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने सहभागिता की। सभी ने मिलकर पर्यावरण संतुलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भविष्य में भी इस तरह की गतिविधियों को नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया। संघ के अध्यक्ष श्री साबिर खान ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी के लिए एक जिम्मेदारी है, जिसे सभी को निभाना चाहिए। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण को संरक्षित करना, हरियाली बढ़ाना और समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना था, जिसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# गाँधी सागर अभयारण्य में मादा चीता धीरा को सफलतापूर्वक छोड़ा

### परियोजना चीता में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि

**भोपाल, नप्र।** परियोजना चीता में बुधवार को एक और ऐतिहासिक उपलब्धि जुड़ गयी, जब कूनो राष्ट्रीय उद्यान की लगभग 7.5 वर्ष की मादा चीता धीरा को वन विभाग के अधिकारियों ने गाँधी सागर अभयारण्य में दोपहर 2 बजे सफलतापूर्वक छोड़ा।



यह अभियान सुबह कूनो राष्ट्रीय उद्यान से प्रारंभ हुआ, जहाँ वन विभाग की पशु चिकित्सा टीम, फील्ड स्टॉफ और वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरी प्रक्रिया की बारीकी से निगरानी की। मादा चीता धीरा जो अपने परिवहन क्रेट में शांत, किन्तु सतर्क थी। धीरा ने लगभग 7 घंटे की यात्रा एक विशेष वातानुकूलित वाहन में पूरी की। पूरी यात्रा के दौरान उसकी सेहत और सुरक्षा पर कड़ी निगरानी रखी गयी।

गाँधी सागर अभयारण्य में जब क्रेट का दरवाजा खोला गया, धीरा ने कुछ क्षण रुककर अपने नये परिवेश को देखा और अपने नये घर की भूमि पर फुर्ती से छलांग लगाते हुए पहला कदम रखा। यह पुनर्वास भारत में चीता आबादी के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कूनो राष्ट्रीय उद्यान से पूर्व में भी 2 नर चीतों का पुनर्वास गाँधी सागर अभयारण्य में किया गया था। मादा चीता का पुनर्वास होने से यह एक सक्षम प्रजनन आबादी का मार्ग प्रशस्त करेगा। यह परियोजना की दीर्घकालिक सफलता के लिये अत्यंत आवश्यक है। यह घटना केवल एक जानवर का पुनर्वास नहीं थी, बल्कि एक सपने की निरंतरता थी। भारत की अपनी खोयी हुई प्राकृतिक धरोहर को पुनर्स्थापित करने की प्रतिबद्धता और टीम चीता के प्रत्येक सदस्य के लिये गौरव का क्षण था।

# गुंडे बदमाशों से लड़ने महिलाओं को देंगे प्रशिक्षण: सारंग

### बीएमएचआरसी में वृहद रूप से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत, बीएमएचआरसी के केंद्रों पर शुरू होगी फिजियोथैरेपी





**भोपाल, नप्र।** भोपाल मेमोरियल अस्पताल में बुधवार को सशक्त नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत हुई। मप्र सरकार में खेल, युवा एवं सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने टीबी के मरीजों को निक्षय मित्र योजना के तहत पोषण आहार वितरित किया। सिकल सेल से पीड़ित बच्चियों को स्टेशनरी किट वितरित किया और वंचित वर्ग की महिलाओं को औषधि किट वितरित किए। साथ ही श्री सारंग से स्वास्थ्य केंद्र क्रमांक 7 में लगाए गए स्वास्थ्य कैंप का भी अवलोकन किया और फिजियोथैरेपी की नवनिर्मित इकाई का लोकार्पण किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए श्री सारंग ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए खतरा बने असामाजिक तत्वों को सबक सिखाने के लिए हर उम्र की महिलाओं को प्रशिक्षित करने का कार्यक्रम शुरू किया है। इसके तहत बीएमएचआरसी में महिला कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि बीएमएचआरसी के स्वास्थ्य केंद्रों पर जल्द ही फिजियोथैरेपी की सुविधा शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान महिलाओं के हित में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। बीएमएचआरसी ने बीते दो वर्षों से महिला स्वास्थ्य केंद्रित कई कार्यक्रम किए हैं। डॉ श्रीवास्तव ने कहा कि मरीजों को स्वास्थ्य केंद्रों से मुख्य अस्पताल तक लाने के लिए ई-बस सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। श्री सारंग ने व्यवस्थित रूप से अभियान शुरू करने पर बीएमएचआरसी स्टाफ को बधाई दी। साथ ही बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव द्वारा किए जा रहे नवाचार व स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके योगदान को सराहा। मंत्री श्री सारंग ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाने के महत्व पर प्रकाश डाला और सिकल सेल मरीजों के लिए प्रदेश में हुए उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी दी। मंत्री श्री सारंग ने प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छता से स्वास्थ्य सुधार के विजन के बारे बताया। उन्होंने कहा कि लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए बीएमएचआरसी का दायित्व काफी अहम है।

**पखवाड़े के दूसरे दिन जागरूकता, जांच व परामर्श रहेगा जारी:** 18 सितंबर को सांसद श्री आलोक शर्मा टीबी के मरीजों को पोषण आहार वितरित करने के लिए तैयार किए पोहण आहार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ब्लड बैंक में सिकल सेल के पीड़ित बच्चों को स्टेशनरी किट वितरित करेंगे। इसके अलावा बीएमएचआरसी के डॉक्टर व कर्मचारी स्कूलों में जाकर छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूक करेंगे। स्वास्थ्य केंद्रों में हाइपरटेंशन जांच शिविर लगाए जाएंगे।

# निगम अमले ने हटाए विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमणों एवं अवैध निर्माणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने सीएम हेल्प लाईन, कॉल सेंटर व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत विभिन्न क्षेत्रों से सड़कों, फुटपाथों व सार्वजनिक स्थलों से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए फूल माला, मछली, मुर्गे, सब्जी की दुकानें, रास्ते में रखी मूर्तियां, अवैध शेड, गुमठी, काउंटर, चबूतरे आदि का अतिक्रमण हटाकर ठेले, पान पार्लर, बर्फ मशीन, फायबर कुर्सी, स्टूल, पन्नी, कैरेड, लाईट, स्टैण्ड बोर्ड, बांस आदि सामान जप्त किये। निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने बुधवार को कोलार सर्वधर्म कालोनी, निर्मला देवी गेट, ललिता नगर, आलोक धाम, संस्कार वेली, चूना भट्टी, न्यू मार्केट नो व्हीकल जोन, रंगमहल, हनुमान मंदिर, तुलसी नगर, 11नंबर स्टॉप, अरेरा कालोनी, एम.पी.नगर, डीबी मॉल, रानी कमलापति स्टेशन, बोट क्लब, लिली टॉकीज चौराहा, रायसेन रोड, जेके रोड, अयोध्या बायपास, सुभाष नगर, सेमरा, रेल्वे स्टेशन, बजरिया, करोद, विश्वकर्मा नगर, छोला, फूटा मकबरा, भानपुर, शबरी नगर, 13 स्टूल, 02 पन्नी, 12 कैरेड, 02 लाईट, 01 स्टैण्ड बोर्ड, बांस आदि सामान जप्त किये।

## रंगमंच के निर्माणाधीन भवन का उद्घाटन

**भोपाल** । विविध कला विकास समिति रामलीला पिपलानी रंगमंच के निर्माणाधीन भवन का उद्घाटन भेल भोपाल के महाप्रबंधक रुपेश तैलंग द्वारा किया गया। रामलीला प्रवक्ता अतुल मालवीय एवं महासचिव आर, एस अरोरा ने जानकारी देते हुए बताया कि विविध कला विकास समिति विगत 65 वर्षों से रामलीला के मंचन का सफल आयोजन कर रही हैं! नवनिर्मित भवन में रामलीला कलाकारों की साज-सज्जा के लिए आधुनिक मेकअप आर्टिस्टों को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर शिव प्रसाद साहूआर,एन तिवारी,जी.आर लिखितकर,एपी सिंह,के.सी शर्मा, विश्वनाथ दशोरे,किशन चुरेंद्र,नरेश सोनकर,विकास तिवारी, राजकुमार सूर्यवंशी,दिनेश करण,आशीष पवार उपस्थित थे।

## अलंकरण समारोह हेतु लेखकों की पुस्तकें आमंत्रित

**भोपाल, नप्र।** अखिल भारतीय कलामन्दिर संस्था भोपाल द्वारा पूर्व में विज्ञप्ति द्वारा समूह के वार्षिक अलंकरण समारोह 2025 में लेखकों / रचनाकारों को सम्मानित करने हेतु वर्ष 2024 में प्रकाशित पुस्तकें विभिन्न पुरुस्कारों हेतु 15 सितम्बर तक आमंत्रित की गयीं थीं। अब यह तिथि आगे बढ़ाकर 25 सितम्बर 2025 कर दी गयी है। लेखक अपनी 2 पुस्तकें आवेदन पत्र बॉयोडाटा एवं रंगीन 2 पासपोर्ट साइज फ़ोटो सहित सील्ड लिफाफे में राष्ट्रीय अध्यक्ष कलामन्दिर के निम्न कार्यालयीन पते पर भेज सकते हैं जो उक्त दिनांक के शाम 5 बजे तक कार्यालय में प्राप्त हो जावें। बाद में प्राप्त पुस्तकों पर विचारण नहीं हो सकेगा । लेखकों का कलामन्दिर संस्था का सदस्य होना आवश्यक है, सदस्यता उक्त दिनांक तक ग्रहण की जा सकती है।

# नगरीय निकायों में शुरू हुआ सेवा पखवाड़ा

**भोपाल।** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास के निर्देश पर प्रदेश के 413 नगरीय निकायों में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा शुरू हो गया है। पखवाड़े के दौरान नगरीय निकायों को प्रतिदिन निर्धारित विषयवार कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके लिये नगर निगम आयुक्त और मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये हैं।

बुधवार 17 सितम्बर को नगरीय निकायों में उन स्थलों का चयन कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया, जहाँ नागरिकों की आवाजाही ज्यादा होती है। इसके अलावा सुलभ कॉम्पलेक्स में प्रबंधकों को सफाई व्यवस्था रखे जाने के लिये आवश्यक निर्देश दिये गये। स्वच्छता पखवाड़े के दौरान नगरीय निकायों को सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, क्लीन ग्रीन उत्सव, स्वच्छता में भागीदारी बढ़ाये जाने, शहरी क्षेत्र के महिला स्व-सहायता समूह के साथ वर्षा और जल-संरचनाओं की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिये कहा गया है।



# लॉरेन गॉटलिब ने पंजाब के लिए की प्रार्थना, बाढ़ पीड़ितों के साथ हुई खड़ी

एक्ट्रेस और डांसर लॉरेन गॉटलिब ने हाल ही में पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में आई भयानक बाढ़ को लेकर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वे गुरुद्वारे में बैठकर लोगों की सुरक्षा और जल्दी ठीक होने की दुआ कर रही हैं।लॉरेन ने पंजाब से अपने खास रिश्ते के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि वे यहाँ कई बार आ चुकी हैं और यहाँ के लोगों से हमेशा उन्हें बहुत प्यार और अपनापन मिला है। शूटिंग के दौरान उन्होंने कई यादें बनाई हैं, खासकर सुपरस्टार दिलजीत दोसांझ के साथ काम करने से उनका पंजाब से नाता और गहरा हुआ है।उन्होंने लिखा, मेरा दिल इस समय पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ है। बाढ़ की तस्वीरें देखकर दिल टूट जाता है। पंजाब मेरे लिए बहुत खास है। मैं यहाँ कई बार आई हूँ, यहाँ से ऐसी यादें जुड़ी हैं, जिन्हें मैं कभी नहीं भूल सकती और हमेशा यहाँ के लोगों का प्यार महसूस किया है।लॉरेन का यह संदेश दिखाता है कि इस आपदा के बाद दुनिया भर में लोग यहाँ के लोगों की चिंता और संवेदना महसूस कर रहे हैं।




# 'सैयारा' ने रचा इतिहास, नेटफ्लिक्स पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली नॉन-इंग्लिश फिल्म बनीं

कुछ समय पहले फिल्म 'सैयारा' बॉक्स ऑफिस पर रिलीज़ हुई थी, जिसमें अनीत पड्डा और अहान पांडे ने एक्टिंग किया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई के रिकॉर्ड तोड़े थे, और अब नेटफ्लिक्स पर भी सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। यह साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में शामिल हो गई है। दर्शकों ने फिल्म की कहानी और एक्टिंग दोनों की खूब तारीफ की। हाल ही में 'सैयारा' नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हुई और रिलीज़ होते ही यह दुनियाभर में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली नॉन-अंग्रेज़ी फिल्म बन गई। इस दौरान इसने जर्मन फिल्म 'फॉल फॉर मी' और नेटफ्लिक्स की हिंदी ओरिजिनल 'इंस्पेक्टर जेंडे' को भी पीछे छोड़ दिया। तो चलिए जानते हैं अब तक इस फिल्म को लोगों ने कितनी बार देखा है।नेटफ्लिक्स के डेटा के अनुसार, सैयारा को दुनियाभर में 37 लाख बार देखा गया और कुल 93 लाख घंटे व्यूज़ हुए। वहीं, फॉल फॉर मी को 65 लाख घंटे और इंस्पेक्टर जेंडे को 62 लाख घंटे देखे गए। नेटफ्लिक्स इंडिया ने हाल ही में अहान पांडे और अनीत पड्डा का एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में दोनों ने फैंस को धन्यवाद दिया और कहा, सैयारा को इतना प्यार देने के लिए हम सभी का शुक्रिया।卐 फिल्म रिलीज़ के बाद से ही यह दुनियाभर में नेटफ्लिक्स पर ट्रेंड कर रही है और धीरे धीरे लोग इस फिल्म को देख भी रहे हैं।फिल्म ने दुनियाभर में कुल 577 करोड़ रुपये की कमाई की। यह न केवल 2025 की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई, बल्कि भारतीय सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली रोमांटिक फिल्म भी बन गई। इस फिल्म ने अनीत और आहान पांडे को रातों-रात बॉलीवुड का स्टार बना दिया। फिल्म और उनके एक्टिंग की फिल्मी सितारों ने बहुत तारीफ की। फैंस को भी काफी टाइम के बाद कोई रोमांटिक फिल्म देखने को मिली थी। कई लोग इस फिल्म की तुलना आशिकी 2 से करने लगे थे।अनीत पड्डा की अगली फिल्म 'न्याय' है, जो एक कोर्टरूम ड्रामा है। इसमें वह एक युवा पीड़िता का किरदार निभा रही हैं, जो न्याय के लिए संघर्ष करती है। फातिमा सना शेख और अर्जुन माथुर भी मैन लीड में हैं। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर जल्द ही रिलीज़ होगी। वहीं अनीत को यशराज फिल्म्स के साथ एक रोमांटिक फिल्म में लीड रोल के लिए साइन किया गया है। यह फिल्म मनीष शर्मा द्वारा डायरेक्ट की जाएगी।अहान पांडे ने यशराज फिल्म्स के साथ एक थ्री-फिल्म डील साइन की है। इसमें उनकी पहली फिल्म 'सैयारा' थी, और अब वह अपनी अगली फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, अगले प्रोजेक्ट की ऑफिशियल अनाउसमेंट अभी नहीं हुई है।



# सोशल मीडिया पर जाह्नवी ने शेयर की ये ग्लैमरस तस्वीरें

जाह्नवी कपूर ने अपनी कड़ी मेहनत के दम पर आज इंडस्ट्री में अपनी जगह बना ली है. वे बॉलीवुड की यंग ब्रिगेड की सबसे ज्यादा पॉपुलर एक्ट्रेस हैं. वहीं जाह्नवी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी एक से बढ़कर एक तस्वीरों से इंटरनेट पर बवाल मचाए रहती हैं. एक्ट्रेस ने एक बार फिर अपनी ऐसी तस्वीरें शेयर की हैं जिन्हें देख आपके दिलों का करार लूट जाएगा.बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने एक बार फिर अपने लेटेस्ट इंस्टाग्राम पोस्ट से इंटरनेट पर धूम मचा दी है, दरअसल उन्होंने अपने नए गॉर्जियस लुक की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं.ब्राउन कलर के लेस-अप कॉर्सेट टॉप के साथ चिक पैटर्न वाले शॉर्ट्स और बेज बूट्स पहने,परम सुंदरी अभिनेत्री ने विंटेज ग्लैम और मॉर्डन सैस को ब्लेंड किया है.तस्वीरों में जाह्नवी अपनी वैनिटी वैन के अंदर मिरर सेल्फी लेती नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस ने ग्लैम मेकअप किया है और अपने बालों को परफेक्टली स्टाइल किया है.जाह्नवी ने अपने लुक को चंकी सिल्वर रिंग्स और ब्रेसलेट्स से एक्सेसराइज़ किया, जिससे उनके आउटफिट और स्टाइलिश लग रहा है.जाह्नवी इस दौरान खूब अदाएं दिखाती भी नजर आ रही हैं, जाह्नवी का ये लुक वाकई काफी स्टनिंग है जो किसी को भी उनका दीवाना बना सकता है.इसके बाद पोस्ट में आउटडोर सीन दिखाया गया है, जहां जाह्नवी कपूर एक क्लासिक येलो टैक्सी के सामने थिरकती नज़र आ रही हैं ये टैक्सी के आगे खड़ी होकर जाह्नवी कपूर एक से बढ़कर एक मूव्स करती नजर आ रही हैं।



# सिडनी स्वीनी को मिला अब तक का सबसे बड़ा बॉलीवुड ऑफर

**530 करोड़ में हो सकती हैं इंटरनेशनल स्टार की एंट्री!**

हॉलीवुड और बॉलीवुड का रिश्ता अब और मजबूत होता जा रहा है। पहले जहां भारतीय सितारे हॉलीवुड फिल्मों में नजर आते थे, अब विदेशी कलाकारों का भी भारतीय फिल्मों की तरफ रुझान बढ़ रहा है। इसी कड़ी में अब एक बड़ी खबर सामने आई है। हॉलीवुड की मशहूर और ग्लैमरस एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी को एक भारतीय प्रोडक्शन हाउस की तरफ से अब तक का सबसे बड़ा ऑफर मिला है। यह ऑफर इतना बड़ा है कि जानकर हर कोई हैरान रह गया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिडनी को करीब 530 करोड़ रुपये की डील का प्रस्ताव दिया गया है। यह न सिर्फ उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म हो सकती है, बल्कि भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे महंगी फिल्म भी साबित हो सकती है।

खबरों के अनुसार, सिडनी इस ऑफर को देखकर काफी हैरान हैं। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं है कि उन्होंने इस डील को साइन किया है या नहीं। लेकिन इंडस्ट्री में चर्चा जोरों पर है कि इतनी बड़ी रकम का ऑफर शायद ही कभी किसी विदेशी स्टार को दिया गया हो।

इस मेगा प्रोजेक्ट की कहानी काफी दिलचस्प बताई जा रही है। सिडनी फिल्म में एक यंग अमेरिकन स्टार का किरदार निभाएंगी। कहानी एक ऐसे अमेरिकी स्टार की है जो एक भारतीय सेलिब्रिटी से प्यार कर बैठती है। फिल्म में रोमांस, ड्रामा और इंटरनेशनल ट्विस्ट का तड़का देखने को मिलेगा। फिल्म को न्यूयॉर्क, लंदन, दुबई और पेरिस में शूट किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग साल 2026 की शुरुआत में शुरू होने की संभावना है।

कौन हैं सिडनी स्वीनी?

सिडनी की शानदार नेटवर्थ

रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिडनी की कुल नेटवर्थ लगभग 40 मिलियन यानी लगभग 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर है। उनकी प्रॉपर्टीज और लग्जरी लाइफस्टाइल देखे तो 2021 लॉस एंजिल्स में 3,200 वर्ग फुट का आलीशान घर 3 मिलियन डॉलर में खरीदा। 2023 में 9.9 मिलियन डॉलर की 'फिक्सर-अपर हवेली' खरीदी। 2024 में फ्लोरिडा कीज में 13.5 मिलियन डॉलर का लग्जरी घर खरीदा। यह दिखाता है कि सिडनी न सिर्फ फिल्मों से बल्कि ब्रांड एंडोर्समेंट्स और बिजनेस वेंचर्स से भी काफी कमाई करती हैं।



# कल्कि 2898 AD पार्ट 2 से बाहर हुई दीपिका


साउथ सुपरस्टार प्रभास की फिल्म कल्कि साल 2024 में आई थी और दुनियाभर में चर्चा का विषय बन गई थी. फिल्म की कमाई काफी शानदार रही थी और ये फिल्म अपनी कास्ट की वजह से भी सुर्खियां बंटोरती नजर आई थी. अब कल्कि फिल्म के पहले पार्ट की सफलता के बाद से मेकर्स इसके दूसरे पार्ट को लेकर बिजी हैं और साल 2025 के अंत में इसकी शूटिंग भी शुरू कर दी जाएगी. लेकिन इसी बीच एक ऐसी खबर आई है जिससे फिल्म को ही नहीं बल्कि फैंस को भी बड़ा झटका लगा है. इस फिल्म से दीपिका पादुकोण बाहर हो गई हैं. वे फिल्म के मुख्य पात्रों में से एक थीं लेकिन इसके बाद भी अब वे आधिकारिक तौर पर इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं. ऐसे में अब इसपर फिल्म के डायरेक्टर नाग अश्विन की ओर से भी प्रतिक्रिया आ गई है. उन्होंने फिल्म से एक वीडियो भी शेयर किया है. हालांकि उन्होंने डायरेक्ट किसी का नाम नहीं लिया है लेकिन उनका इशारा किस ओर है इसे वक्त की नजाकत को देखते हुए समझा जा सकता है.

## कल्कि के डायरेक्टर ने क्या कहा?

कल्कि के डायरेक्टर नाग अश्विन ने फिल्म से वो सीन शेयर किया है जब रणभूमि पर कृष्ण की एंट्री होती है. उस दृश्य को शेयर करने के साथ नाग अश्विन ने लिखा- 'जो हुआ उसे आप बदल नहीं सकते हैं लेकिन आगे जो होने वाला है उसमें आप चयन जरूर कर सकते हैं.' अब इसपर फैंस के रिएक्शन्स आने शुरू हो गए हैं. नाग अश्विन की ये पोस्ट रिलेटेबल भी लग रही है और तब आई है जब दीपिका के फिल्म से बाहर होने की आधिकारिक घोषणा हुए अभी 24 घंटे भी नहीं हुए थे. ऐसे में लोग इस पोस्ट के तर्ज पर तरह-तरह की बातें कर रहे हैं.

## क्या दीपिका से गुस्सा हैं कल्कि के मेकर्स?

कल्कि फिल्म के लिए इसके पहले पार्ट की रिलीज के दौरान सबकुछ ठीक जा रहा था. फिल्म काफी अच्छा कलेक्शन करने में सफल रही. देश-विदेश में इस मूवी को बहुत ज्यादा पसंद किया गया. 1000 करोड़ रुपए भी इस फिल्म ने बड़ी आसानी से कमा लिए. लेकिन इसके बाद अब फिल्म इस बड़े विवाद में फंसती नजस आ रही है. दीपिका ना सिर्फ बॉलीवुड की बल्कि दुनियाभर की पॉपुलर एक्ट्रेस में से एक हैं. उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है. ऐसे में एक्ट्रेस का इस तरह से बाहर होना किसी को हजम नहीं हो पा रहा है. फैंस इसपर रिएक्ट कर रहे हैं. एक शख्स ने लिखा- कम से कम ये शख्स पॉजिटिव होने की तो कोशिश कर रहा है. एक दूसरे शख्स ने लिखा- ऐसा लगता है कि मेकर्स दीपिका से खुश नहीं हैं. एक शख्स ने लिखा- ऐसा लगता है कि दीपिका ने पहले ही ये सारे प्रोजेक्ट्स साइन कर लिए थे लेकिन बेबी होने के बाद उनके लिए सबकुछ मैनेज करना मुश्किल नजर आ रहा है।





3 प्लेयर्स का कटेगा पत्ता!

# इस फिनिशर की होगी वापसी; ऐसी हो सकती भारत की प्लेइंग 11



## एशिया कप में सुपर-4 की दो टीमें फाइनल




एशिया कप में बुधवार को पाकिस्तान ने यूएई को हरा दिया। इसी के साथ यह भी तय हो गया कि टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान एक बार फिर 21 सितंबर को एक-दूसरे का सामना करेंगे। ग्रुप स्टेज में भारत ने पाकिस्तान को आसानी से 7 विकेट से हरा दिया था।

## भारत-पाकिस्तान मैच फिर एक बार क्यों

पाकिस्तान ने यूएई को हराकर ग्रुप-ए से भारत के साथ सुपर-4 स्टेज में जगह बना ली। सुपर-4 में अब बाकी 2 टीमें ग्रुप-बी से आएंगी। इस राउंड में हर टीम एक-दूसरे के खिलाफ एक-एक मैच खेलेगी। इस कारण भारत और पाकिस्तान के बीच एक और मुकाबला तय हो गया है।

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप 2025 में अब सुपर-4 की तस्वीर काफी हद तक साफ होती नजर आ रही है। ग्रुप ए से भारत और पाकिस्तान ने सुपर-4 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। ऐसे में दोनों टीम अब रविवार को फिर आमने-सामने होंगी। इस बीच भारतीय टीम अपने आखिरी ग्रुप मैच में ओमान का सामना करेगी। शुक्रवार को शेख जायद स्टेडियम में होने वाले इस मैच की जीत या हार का भारत पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। हालांकि, ओमान की कोशिश जीत का खाता खोलने पर होगी। वहीं भारतीय टीम अपनी बेंच स्ट्रैंथ को आजमा सकती है।

### भारतीय टीम ने जीते दोनों मुकाबले

भारत और ओमान ने टूर्नामेंट में अब तक 2-2 मैच खेले हैं। भारतीय टीम ने यूएई और पाकिस्तान को शिकस्त दी थी। वहीं ओमान को पाकिस्तान और यूएई के हाथों हार मिली। अब तक विजयी रथ पर सवार भारतीय टीम ओमान के खिलाफ प्लेइंग 11 में 3 बदलाव कर सकती है। इससे सुपर-4 और फाइनल के लिए प्लेयर तरोताजा रहेंगे।

### 7 दिन के भीतर खेल सकते 4 मैच

सुपर-4 में भारत के मुकाबले 21, 24 और 26 सितंबर को होंगे। अगर टीम फाइनल में पहुंचती है तो 28 सितंबर को भी खेलना होगा। भारत को सात दिनों के भीतर 4 मैच खेलने पड़ सकते हैं। ऐसे में टीम मैनेजमेंट कुछ प्लेयर्स को आराम दे सकता है। इनमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, ऑलराउंडर शिवम दुबे और हार्दिक पांड्या हो सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो पिछले 2 मुकाबलों से पानी पिला रहे तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की अंतिम 11 में एंट्री होगी। साथ ही शिवम दुबे की जगह फिनिशर रिंकू सिंह और हार्दिक पांड्या की जगह हर्षित राणा को मौका मिला सकता है।

### भारत की संभावित प्लेइंग 11

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती।

भारतीय टीम इस प्रकार है

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह।

जेवलिन थ्रो-वर्ल्ड चैंपियनशिप फाइनल

# नीरज चोपड़ा बाहर, पाकिस्तान के अरशद नदीम भी मेडल से चूके

## आठवें नंबर पर नीरज तो सचिन यादव चौथे स्थान पर रहे

**टोक्यो (एजेंसी)।** टोक्यो में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के जेवलिन थ्रो फाइनल में नीरज चोपड़ा आठवें स्थान पर चल रहे हैं। वहीं, ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट पाकिस्तान के अरशद नदीम मेडल की रेस से बाहर हो चुके हैं। एक अन्य भारतीय थ्रोअर सचिन यादव चौथे नंबर पर रहे। नीरज चोपड़ा ने पहला थ्रो 83.65 मीटर का थ्रो किया। उनका दूसरा थ्रो 84.03 मीटर का रहा और तीसरा थ्रो फाउल रहा। चौथे प्रयास में उन्होंने 82.86 मीटर का थ्रो किया। इस तरह चार राउंड के बाद उनका बेस्ट स्कोर 83.65 मीटर का रहा। नदीम ने पहला थ्रो 82.75 मीटर का थ्रो किया था। नदीम का दूसरा थ्रो फाउल रहा है। तीसरे प्रयास में 82.73 मीटर का थ्रो किया। उनका चौथा प्रयास फाउल रहा और वे 10वें नंबर पर रहते हुए मेडल की रेस से बाहर हो गए। इन दोनों से आगे सचिन यादव हैं। सचिन ने 86.27 मीटर का पहला थ्रो किया। सचिन का दूसरा थ्रो फाउल रहा। तीसरे प्रयास में उन्होंने 85.71 मीटर का थ्रो किया। उनका चौथा थ्रो 84.90 मीटर का रहा। त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशॉर्न वाल्कॉट अपने चौथे प्रयास में 88.16 मीटर के थ्रो के साथ टॉप पर चल रहे हैं। तीन थ्रो के बाद 11वें और 12वें नंबर पर मौजूद थ्रोअर रेस से बाहर हो चुके हैं। चौथे थ्रो के बाद नौवें और 10वें नंबर के थ्रोअर बाहर हो गए।




### पहले प्रयास में फाइनल में पहुंचे थे नीरज

एक दिन पहले क्वालिफाइंग राउंड हुआ था। इसमें 84.50 मीटर का मार्क पार करने वाले थ्रोअर को सीधा फाइनल में एंट्री मिलनी थी। नीरज ने पहले ही अटैम्प्ट में ही 84.85 मीटर के थ्रो के साथ फाइनल में जगह बना ली। अरशद को टाइम लगा। उनका पहला थ्रो 76.99 और दूसरा 74.17 मीटर का था। तीसरे थ्रो में उन्होंने 28 मीटर का थ्रो कर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। भारत के सचिन यादव ने 83.67 मीटर के बेस्ट स्कोर के साथ टॉप-12 में जगह बनाई। नीरज डिफेंडिंग वर्ल्ड चैंपियन हैं। उन्होंने 2023 में हंगरी में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में 88.17 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड जीता था। वहीं, अरशद ने पेरिस ओलिंपिक में 92.97 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड जीता था। तब नीरज ने सिल्वर जीता था।

## जैस्मिन बोलीं-10 साल की प्रैक्टिस से वर्ल्ड चैंपियन बनीं

### ओलिंपिक में गोल्ड मेडल का सपना; दुबला शरीर देख लोग बोलते थे तुम बॉक्सर हो



**भिवानी (एजेंसी)।** वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 के 57 किलोग्राम भारवर्ग में गोल्ड मेडल जीतने वाली हरियाणा के भिवानी की रहने वाली जैस्मिन लंबोरिया ने मीडिया से कहा मैंने पोलैंड की ओलिंपिक में सिल्वर मेडलिस्ट बॉक्सर को हराया तो मेरे लिए एक भावुक पल था। में बिना प्रेशर के रिंग में उतरी और जीत हासिल की। जैस्मिन ने बताया कि जब वह शुरुआत में बॉक्सिंग करती थी, तो उनका शरीर दुबला-पतला था। इसलिए लोग उसके शरीर को देखकर कहते थे कि तू भी बॉक्सर है। लेकिन उन्होंने इस तरह की बातों को अपने खेल में रोड़ा नहीं बनने दिया। करीब 9-10 साल के अभ्यास के बाद वे वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर लाई हैं। इसके अलावा, उनका सपना ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीतना है।

## 13 वनडे लगातार जीतने के बाद हारी ऑस्ट्रेलिया विमेंस

### भारत ने रिकॉर्ड 102 रन से हराया, मंधाना का 12वां शतक, सीरीज 1-1 से बराबर



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया विमेंस क्रिकेट टीम को वनडे में लगातार 13 मैच जीतने के बाद हार का सामना करना पड़ा है। 7 बार की वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को भारत ने दूसरे वनडे में 102 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। मोहाली के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में इस जीत के साथ इंडिया विमेंस ने 3 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। इंडिया विमेंस से ओपनर स्मृति मंधाना ने 12वां वनडे शतक लगाया। मंधाना का टीम की जीत में 10वां वनडे शतक रहा। दीप्ति शर्मा ने 40 रन की पारी खेलकर टीम को 292 तक पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया से डार्सी ब्राउन ने 3 और एश्ले गार्डनर ने 2 विकेट लिए।

293 रन के टारगेट के सामने ऑस्ट्रेलिया विमेंस ने 12 रन पर 2 विकेट गंवा दिए। एलिस पेरी ने 44 और एनाबेल सदरलैंड ने 45 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को संभाला, लेकिन दोनों के आउट होते ही टीम बिखर गई। 40.5 ओवर में इंडिया ने 190 रन पर ऑस्ट्रेलिया को समेट दिया। क्रांति गौड़ ने 3 और दीप्ति शर्मा ने 2 विकेट लिए।

# पाकिस्तान नहीं खेलता तो उसे 140 करोड़ का नुकसान होता

### एशिया कप में पाक के यूटर्न की इनसाइड स्टोरी, रेफरी की माफी पर सवाल



**यूएई (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम एशिया कप से हटती तो टीम को करीब 140 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ता। एशिया कप में बुधवार को पाकिस्तान-यूएई मैच एक घंटे की देरी से शुरू हुआ। रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि हैंडशेक विवाद से नाराज पाक टीम एशिया कप से बायकॉट करेगी। हालांकि, टीम बाद में खेलने के लिए राजी हो गई और पीसीबी ने दावा किया कि रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट ने माफी मागी, फिर पाकिस्तान टीम खेलने के लिए राजी हुई। लेकिन, अब तक आईसीसी या पाइक्रॉफ्ट की तरफ से इस पर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। इसके बाद पीसीबी के माफी वाले बाद पर सवाल उठ रहे हैं।

**यह था विवाद** - 14 सितंबर को पाकिस्तान का सामना भारत से हुआ था। भारतीय खिलाड़ियों ने पहलगाम हमले के विरोध में पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था। पीसीबी ने भारतीय खिलाड़ियों के व्यवहार को खेल भावना के विपरीत बताया था और पाइक्रॉफ्ट पर ठीक से काम न करने का आरोप लगाया था। बोर्ड ने आईसीसी के सामने मैच रेफरी को टूर्नामेंट से बाहर करने की डिमांड रखी थी। आईसीसी ने इस मांग को खारिज कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान टीम मैनेजमेंट ने मंगलवार रात अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस रद्द कर दी। इससे पाकिस्तान के टूर्नामेंट से हटने की चर्चाओं को और हवा मिलने लगी।

**करीब 140 करोड़ का नुकसान होता** - एशियाई क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) की सालाना कमाई का 75 प्रतिशत हिस्सा पांच टेस्ट खेलने वाले देशों भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में बराबर-बराबर बांटा जाता है। यानी हर देश को 15 प्रतिशत राजस्व मिलता है। बाकी 25 प्रतिशत सहयोगी सदस्य देशों के बीच बांटा जाता है।

ये कमाई ब्रॉडकास्ट राइट (टीवी और डिजिटल), स्पॉन्सर और टिकट बिक्री जैसे अलग-अलग सोर्स से आती है। अकेले इस एशिया कप से पीसीबी को करीब 12 से 16 मिलियन अमेरिकी डॉलर (140 करोड़ रुपए) की कमाई होने वाली थी। ऐसे में अगर पाकिस्तान टूर्नामेंट से हटता है तो उसके लिए यह बड़ा आर्थिक झटका साबित हो सकता है।

सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया ने 2024 से 2031 तक आठ साल के लिए एसीसी के साथ 170 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ब्रॉडकास्ट राइट हासिल किया है।

## पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर रमीज राजा ने एंडी पाइक्रॉफ्ट पर बोला हमला, भारत पर भी लगाए आरोप



**दुबई (एजेंसी)।** पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष रमिज राजा ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट पर तीखा हमला बोला और भारत पर आरोप लगाते हुए उन्हें पसंदीदा बताया। पाइक्रॉफ्ट रविवार को दुबई में भारत-पाकिस्तान मुकाबले के बाद से ही चर्चा में हैं जिसमें भारत ने 7 विकेट से जीत हासिल की थी। मैच के बाद भारतीय टीम के पाकिस्तानी टीम के हाथ नहीं मिलाया और क्क्ष्क ने आरोप लगाया कि पाइक्रॉफ्ट ने मैच के दौरान भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और उनके समकक्ष सलमान आगा को हाथ मिलाने से मना किया था।

उन्होंने टूर्नामेंट के बाकी मैचों से उन्हें बाहर करने की मांग करते हुए विरोध भी दर्ज कराया जिसे आईसीसी ने अस्वीकार कर दिया। बुधवार को यूएई बनाम पाकिस्तान मैच में नया विवाद खड़ा हो गया जिसके कारण मैच में एक घंटे की देरी हुई। पाकिस्तानी टीम को होटल से बाहर न जाने के लिए कहा गया, क्योंकि पाइक्रॉफ्ट को हटाने की बार-बार मांग की थी।

रमीज ने पाइक्रॉफ्ट पर सीधा हमला बोलते हुए उन्हें भारतीय टीम का पसंदीदा बताया। रमिज ने कहा, दिलचस्प बात यह है कि एंडी पाइक्रॉफ्ट (भारतीयों के लिए) पसंदीदा हैं। जब भी मैं टॉस की मेजबानी करता हूं, वह हमेशा वहां नियमित रूप से मौजूद रहते हैं।

## पंजाब के युवा क्रिकेटर को ब्रेन ट्यूमर

### इलाज के लिए 70 लाख की जरूरत; पूर्व क्रिकेटर हरभजन ने बीसीसीआई और लोगों से मांगी मदद



**जालंधर (एजेंसी)।** पंजाब के युवा क्रिकेटर वशिष्ठ मेहरा इस समय जिंदगी की सबसे बड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं। 21 साल के वशिष्ठ मेहरा को स्टेज 4 ब्रेन ट्यूमर की गंभीर बीमारी का सामना करना पड़ रहा है। उनका इलाज चेन्नई के अपोलो अस्पताल में होना है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 70 लाख रुपए बताई जा रही है। वशिष्ठ मेहरा ने अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत जूनियर स्तर से की थी। वे 2019 से लगातार पंजाब की ओर से विनोद मांकड़ ट्रॉफी, कूच बिहार ट्रॉफी और कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी जैसे अहम टूर्नामेंट्स में हिस्सा लेते रहे हैं। उन्होंने पंजाब के लिए करीब 20 जूनियर मैच खेले और अमृतसर की ओर से जिला टूर्नामेंट्स में भी शानदार प्रदर्शन किया। 2024 में उन्होंने मोहाली में त्रिपुरा के खिलाफ पंजाब की ओर से अपना फर्स्ट क्लास डेब्यू किया।

**2003 में हुआ था जन्म** - मिली जानकारी के अनुसार वशिष्ठ मेहरा का जन्म नवंबर 2003 में हुआ था। वह मूल रूप से पंजाब के अमृतसर का रहने वाला है और मोहाली में प्रैक्टिस करता था। वशिष्ठ मेहरा राइट हैंड बल्लेबाज और राइट आर्म मीडियम तेज गेंदबाज है। साल 2024 में उसने पंजाब टीम की ओर से अपना डेब्यू किया था।

**हरभजन सिंह ने लगाई आर्थिक मदद की गुहार** - वर्तमान में वे गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। ऐसे में पूर्व भारतीय टीम के दिग्गज स्पिनर और आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह ने वशिष्ठ मेहरा की स्थिति को साझा किया और बीसीसीआई, पीसीए, साथी क्रिकेटरों व आम लोगों से आर्थिक मदद की अपील की। हरभजन सिंह ने कहा कि इतनी छोटी उम्र में वशिष्ठ मेहरा जैसे होनहार खिलाड़ी का इस तरह की गंभीर बीमारी से जूझना बेहद दुखद है। उन्होंने कहा कि अब वक्त है जब पूरा क्रिकेट परिवार और समाज एकजुट होकर उनके परिवार का सहारा बने ताकि उनका इलाज समय पर हो सके।

# यूएई टीम में कोई भारतीय या पाकिस्तानी नहीं, हम एक परिवार हैं : कप्तान मोहम्मद वसीम



**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही तनातनी का असर जहां दोनों टीमों और उनके क्रिकेट बोर्डों पर साफ दिख रहा है, वहीं संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) टीम ने खेल भावना का शानदार उदाहरण पेश किया है। टीम के कप्तान मोहम्मद वसीम ने साफ किया कि उनकी टीम में खिलाड़ी चाहे भारतीय मूल के हों या पाकिस्तानी, सभी खुद को सिर्फ यूएई का प्रतिनिधि मानते हैं।

**टीम में बराबर हैं भारतीय और पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ी** - यूएई क्रिकेट टीम की खासियत यह है कि इसमें भारतीय और पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों की बराबर संख्या है। भारतीय मूल के खिलाड़ियों में सिमरनजीत सिंह, राहुल चोपड़ा, हर्षित कौशिक, ध्रुव पराशर और अलीशान शराफू शामिल हैं। वहीं, दूसरी तरफ पाकिस्तान के मुल्तान में जन्मे कप्तान मोहम्मद वसीम, हैदर अली, जुनैद सिद्दीकी, मुहम्मद रोहिद और आसिफ खान टीम का हिस्सा हैं। हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के खिलाड़ियों ने पाकिस्तान टीम से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था, जिसके चलते विवाद गहरा गया, लेकिन वसीम ने अपनी टीम के माहौल को सकारात्मक बताया।

**हम यूएई टीम के लिए खेलते हैं** - तनाव का टीम के रिश्तों पर असर पड़ने के सवाल पर वसीम ने साफ इनकार किया। उन्होंने कहा, नहीं, हम उस तनाव के बारे में बात नहीं कर रहे हैं क्योंकि हम साथ में काफी क्रिकेट खेलते हैं। हम यहां एक परिवार की तरह हैं। यहां कोई भारतीय या पाकिस्तानी नहीं है। हम यूएई टीम के लिए खेलते हैं। हम एक परिवार की तरह खेलते हैं और एक परिवार की तरह रहते हैं। वसीम के इस बयान ने साफ कर दिया कि यूएई टीम ने बाहरी विवादों को अपने ड्रेसिंग रूम में जगह नहीं दी है।

**भारत-पाकिस्तान विवाद ने बढ़ाया तनाव** - मौजूदा टूर्नामेंट में तनाव तब और बढ़ गया जब रविवार को टॉस के दौरान भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया। मैच के बाद भी भारतीय खिलाड़ियों ने हाथ मिलाने से इनकार किया, जिससे पाकिस्तान तिलमिला गया। इस घटना के बाद पाकिस्तान ने टूर्नामेंट से हटने की धमकी भी दे डाली थी और यूएई के खिलाफ अपने अगले मैच के लिए देर से स्टेडियम पहुंचा।

**वसीम ने वॉकओवर की अपील से किया इनकार** - पाकिस्तान के देर से आने के बावजूद यूएई टीम ने वॉकओवर की अपील नहीं की। इस पर वसीम ने कहा, सबसे पहले तो यह हमारी जिम्मेदारी या हमारा काम नहीं है। हम अपने खेल पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे। हम यहां खेलने आए थे और हमने वही किया। यह बयान दिखाता है कि यूएई टीम विवाद से दूरी बनाकर खेल पर ध्यान दे रही है।

**रऊफ ने भी विवाद को किया नजरअंदाज** - पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने भी इस मुद्दे पर बोर्ड को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा, देखिए, मैं दबाव महसूस नहीं कर रहा था क्योंकि ये चीजें मेरे नियंत्रण में नहीं थीं। यह बोर्ड (पीसीबी) का सिरदर्द है और वे इसे अच्छी तरह से संभाल सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### फर्जी बिल से 5.27 लाख का गबन, दो सरकारी अफसरों को 10-10 साल की सजा

**गुरुग्राम।** फर्जी बिल तैयार कर पांच लाख 27 हजार रुपये का गबन करने पर जिला अदालत ने सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी उदयभान और कनिष्ठ अभियंता (जेई) अशोक कुमार को दोषी करार दिया है। दोनों को 10-10 साल की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही अदालत ने दोषियों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। एंटी करप्शन ब्यूरो ने 2017 में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया था। एसीबी गुरुग्राम को सरकारी रुपये का गबन करने की शिकायत मिली थी। ब्यूरो ने मामले की जांच की तो पता चला कि 2006 में हरियाली परियोजना के तहत रेवाड़ी के गांव करावरा मानकपुर में विकास कार्य कराए गए थे। गांव करावरा मानकपुर के पूर्व सरपंच ईश्वर सिंह ने तत्कालीन सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी-रेवाड़ी (उदयभान) और कनिष्ठ अभियंता कार्यालय खंड एवं विकास पंचायत अधिकारी-रेवाड़ी (अशोक कुमार) ने आपस में मिलीभगत करके मजदूरों के फर्जी नाम, पते और रिकॉर्ड तैयार करके 5.27 लाख रुपये का गबन कर लिया। इससे सरकार को वित्तीय हानि हुई। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपियों को दोषी करार देते हुए 10-10 साल की सजा दी है।

### महिला चिकित्सा का मोबाइल हैक कर 1.49 लाख निकाले

**गुरुग्राम।** ठगों ने एक महिला चिकित्सा का मोबाइल हैक कर खाते में से 1.49 लाख रुपये निकाल लिए। रुपये निकलने के बाद महिला को इसकी जानकारी हुई। पीड़िता की शिकायत पर साइबर क्राइम दक्षिण थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मनोहर नगर निवासी डॉ. शिखा जैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक निजी अस्पताल में चिकित्सक है। चार और पांच सितंबर को किसी ने उसका मोबाइल हैक कर लिया था।

### दो अवैध कॉलोनियों में बुलडोजर चलाया

**गुरुग्राम।** जिला नगर योजना कर विभाग की टीम ने बृहस्पतिवार को सेक्टर-10ए से सटे क्षेत्र में साढ़े पांच एकड़ के भूभाग पर कट रही अलग-अलग दो अवैध कॉलोनियों में बुलडोजर चलाया। इस दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। टीम ने सबसे पहले ग्राम सदराना राजस्व संपदा में 5.5 एकड़ क्षेत्रफल में फैली दो अनाधिकृत कॉलोनियों में 2 निमार्णाधीन संरचनाएं, 2 चहादीवारी, 10 डीपीसी व संपूर्ण सड़क नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया। बताया गया है कि कॉलोनी अनाधिकृत रूप से तैयार की जा रही थी जिसकी जानकारी मिलने के बाद तोड़फोड़ अभियान चलाया गया। डीटीपी अमित माधौलिया ने बताया लगातार की जा रही कार्रवाई के बावजूद लोग कच्ची कॉलोनी में निवेश करने से बाज नहीं आ रहे हैं जबकि विभाग की ओर से बार-बार यह कहा जा रहा है कि कच्ची कॉलोनी में निवेश करने से पहले डीटीपी कार्यालय से संपर्क करें। उन्होंने कहा जल्द ही विभाग की टीम शहर के कई अन्य इलाकों में भी तोड़फोड़ की कार्रवाई करेगी।

### हत्या मामले में 7 साल से फरार आरोपी बल्लभगढ़ से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने हत्या की वारदात में फरार चल रहे आरोपी इंदिरा कल्याण विहार, ओखला फेज-1, नई दिल्ली निवासी अर्जुन चौहान उर्फ बुलडॉग (30) को बल्लभगढ़ से किया है। आरोपी हत्या के एक सनसनीखेज मामले में सात साल से अधिक समय से फरार था। अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर रखा था। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि पुलिस को 13 अक्तूबर 2018 को ईएसआई अस्पताल, ओखला से एक मृत व्यक्ति सईद अनवर के बारे में सूचना मिली।

# गैस एजेंसी आवंटन का झांसा देकर ठगी करने वाला गिरोह पकड़ा

**गाजियाबाद।** साइबर थाना पुलिस ने ऐसे गिरोह का खुलासा किया है जो नौकरी दिलाने और गैस एजेंसी आवंटन करने का झांसा देकर आवेदकों से शुल्क के नाम पर ठगी करता था।

देश की नामचीन गैस आपूर्ति करने वाली कंपनियों का प्रतिनिधि बताकर आवंटन के नाम पर 15 से 70 लाख रुपये तक रजिस्ट्रेशन और अन्य शुल्क आदि के नाम पर ट्रांसफर करा लेते थे। सात राज्यों में इस गिरोह ने गैस एजेंसी आवंटन और नौकरी दिलाने के नाम पर 11 लोगों से करीब 30 लाख रुपये की ठगी की है जबकि इनके पास से 337 गैस एजेंसी के लिए आवेदन करने वाले लोगों के दस्तावेज बरामद हुए हैं।

एडीसीपी अपराध पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि एनसीआरबी पोर्टल पर क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र से दक्षिण भारत में साइबर ठगी की घटनाओं



की शिकायत अपलोड की गई। शिकायतों में दर्ज मोबाइल नंबर को ट्रेस किया गया तो गिरोह के चार सदस्य पकड़े गए हैं। पूछताछ में इन्होंने अपने नाम राहुल यादव (34) निवासी अकबरपुर बहरामपुर थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक, शुभम सिंह चौहान (29) निवासी सिकंदर कम्पू हरगोविंद का खेत गिर्द ग्वालियर मध्य प्रदेश हाल पता होमटेक ग्लोबल सेक्टर-73 शरफाबाद गौतमबुधनगर, हेमेंद्र सिंह (25) निवासी ग्राम मोहनपुरा थाना काशी रामनगर जनपद कासगंज, हाल पता सिद्धार्थ विहार थाना विजयनगर और रविंद्र कुमार (28) निवासी ग्राम हसौना जगमोहनपुर थाना गांगीरी जनपद अलीगढ़, हाल पता बागू चर्च वाली गली विजयनगर बाईपास थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक बताया है।

इनसे 11 मोबाइल, छह चेकबुक, एक पासबुक, आठ डेबिट कार्ड और एक कार बरामद हुई है। एडीसीपी पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि गिरोह का सरगना राहुल यादव है।

राहुल यादव सोशल मीडिया पर जॉब दिलाने और रिलायंस गैस, इंडियन ऑयल, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम गैस कंपनियों की एजेंसी आवंटन का विज्ञापन अपलोड करते थे। साथ ही गूगल पर भी प्रचार करते थे और फर्जी आईडी पर लिए गए फोन नंबर विज्ञापन पर संपर्क करने के लिए दर्ज कराते थे।

# डेंगू के पांच नए केस मिलने के साथ ही मरीजों की संख्या हुई 102

**गाजियाबाद।** जिले में डेंगू बुखार लगातार बढ़ता जा रहा है। बृहस्पतिवार को डेंगू के पांच नए मरीजों की पुष्टि के साथ ही कुल मरीजों की संख्या 102 हो गई है। बुधवार को भी छह नए मामले सामने आए थे। जिला स्वास्थ्य विभाग लगातार लोगों से सतर्क रहने की अपील कर रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि डेंगू से ठीक होने के बाद भी कई मरीज 15 से 20 दिन तक कमजोरी और थकान से परेशान हो रहे हैं।




## सितंबर में तेजी से बढ़े डेंगू के मामले

अगस्त की तुलना में सितंबर के शुरूआती 15 दिनों में ही डेंगू के मामलों में वृद्धि हुई है। इस महीने में अब तक 40 से अधिक मरीज सामने आ चुके हैं। लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी और जांच की प्रक्रिया तेज कर दी है। अधिकारियों का मानना है कि इस बार बारिश अधिक होने की वजह से डेंगू फैलाने वाले मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हैं, जिससे बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। एपिडिमियोलॉजिस्ट डॉ. शिवि अग्रवाल ने बताया कि वायरल बुखार के मरीजों की संख्या भी सरकारी व निजी अस्पतालों की ओपीडी में बढ़ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए संयुक्त अस्पताल में डेंगू की जांच के लिए एलाइजा सहित अन्य जरूरी जांचें शुरू कर दी गई हैं। साथ ही, विभाग की ओर से रिस्पांस टीमों की संख्या बढ़ाई गई है, जो घर-घर जाकर लार्वा की जांच कर रही हैं। अब तक 1200 से अधिक घरों में लार्वा पाए गए हैं, जिन्हें मौके पर ही नष्ट किया गया है।

**स्वास्थ्य केंद्रों पर मिल रही निःशुल्क जांच और उपचार की सुविधा :** जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि डेंगू को लेकर विभाग पूरी तरह सतर्क है। जिला अस्पताल सहित अन्य सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों के लिए निःशुल्क जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

# सेवा पखवाड़ा : 75 राजदूतों और उच्चायुक्तों ने अपनी मां के नाम पर लगाए पौधे , दिल्ली सरकार का रिज इलाके में आयोजन



**दिल्ली :** दिल्ली में रह रहे दुनियाभर के विभिन्न देशों के 75 राजदूतों, उच्चायुक्तों ने अपनी मां के नाम पौधे लगाए। विदेशी मेहमान भारत की राजधानी में अपनी मां के नाम की ये अनोखी याद सहेजते हुए ये भावुक दिखे। पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत दिल्ली सरकार ने रिज क्षेत्र में ये पौधरोपण कार्यक्रम किया। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसका नेतृत्व किया, साथ में दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे। रिज क्षेत्र में पीबीजी ग्राउंड के भीतर एक पेड़ मां के नाम 2.0 वैश्विक पौधरोपण अभियान आयोजित हुआ। इसमें 72 से अधिक देशों के 75 से ज्यादा राजदूतों, उच्चायुक्तों और हेड्स ऑफ मिशन ने हिस्सा लिया।

बहरीन, भूटान, चीन, रूस, ओमान, स्पेन, ऑस्ट्रिया, ब्राजील, जमैका, फीजी, पापुआ न्यू गिनी समेत एशिया, अफ्रीका, यूरोप, अमेरिका और ओशिआनिया के कई देशों के राजनयिकों और उनके परिवार के सदस्यों ने हिस्सा लिया। हरएक विदेशी मेहमान ने अपनी मां के नाम पर पौधा लगाया। हर पौधे के साथ नाम पट्टिका लगी, जिसमें राजनयिक का नाम, उनकी मां का नाम और पौधे की प्रजातियां लिखी हुई हैं।

## पौधे लगाते हुए भावुक पल सामने आए

कार्यक्रम के दौरान कई भावुक पल भी सामने आए। कैमरून की राजदूत अपनी दिवंगत मां को याद करके रो पड़ीं और मुख्यमंत्री ने उनको गले लगाया। 15 दिन पहले ही उनकी मां की मृत्यु हो गई थी। इसमें खाड़ी देशों के राजनयिकों ने खास रुचि दिखाई। ओमान के राजदूत इस्सा सालेह अलशिबानी ने इस अभियान के लिए धन्यवाद दिया।

## धरती को बचाना सबकी जिम्मेदारी : भूपेंद्र यादव



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि धरती को बचाना सबकी जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी की एक पेड़ मां के नाम की अपील ने सबको ये एहसास कराया। कई राजनयिक अपनी मां को याद करके भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़े में 25 सितंबर को पूरे देश में 7.5 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे।

## दिल्ली का ग्रीन कवर २५ फीसदी बढ़ा : रेखा गुप्ता



मुख्यमंत्री ने कहा, दिल्ली का ग्रीन कवर 25 फीसदी बढ़ा है, देश में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता हानि और वायु प्रदूषण की चुनौतियां किसी सीमा को नहीं मानतीं, इसलिए हमें वैश्विक स्तर पर साथ मिलाकर काम करना होगा। दिल्ली में ये कार्यक्रम इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा।

## पीएम मोदी के वैश्विक नेतृत्व का सबूत : सिरसा

पर्यावरण मंत्री ने कहा, 72 से ज्यादा देशों के राजनयिकों ने पौधे लगाए। यह पीएम मोदी के वैश्विक नेतृत्व का सबूत है और सभी भारतीयों के लिए गर्व का पल है।



## विस परिसर में एक पेड़ मां के नाम पौधे लगाए

विधानसभा परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बृहस्पतिवार को पौधे लगाए गए। पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन के मौके पर आयोजित सेवा पखवाड़े में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट व विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने पौधे लगाए। इस दौरान विधानसभा परिसर में हरित क्षेत्र 20 फीसदी बढ़ाने की घोषणा की गई। दिल्ली विधानसभा को हराभरा, सुंदर और प्रेरणादायक स्थान बनाकर इसका संदेश दिल्लीवासियों तक ले जाएंगे।

### मारने की धमकी और फिरौती मांगने के दो आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** कांकरोला गांव में एक परचून दुकानदार से रुपयों को लेकर हुई कहासुनी पर मारपीट करने और दुकान चलाने के लिए पांच हजार रुपये की रंगदारी मांगने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान कांकरोला गांव निवासी प्रेम उर्फ काका और नरेंद्र के रूप में हुई है। पीड़ित की शिकायत पर खेड़कीदौला थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया था। बुधवार को पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार को जब वह दुकान के बाहर था तो उस दौरान एक गाड़ी में प्रेम उर्फ काका और नरेंद्र आए थे। आरोप है कि युवकों ने मारपीट करनी शुरू कर दी थी। वह बचने के लिए दुकान के अंदर चला गया। दुकान में घुसकर युवकों ने बुरी तरह से मारपीट की। युवकों ने धमकी दी कि अगर गांव में दुकान चलानी है तो पांच हजार रुपये महीने के हिसाब से देने होंगे। पीड़ित ने बताया था कि वह पहले भी बिना रुपये दिए उससे पानी और अन्य सामान ले जाते थे। रुपये मांगने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। पूछताछ में पता चला कि आरोपी प्रेम गांव में जिम चलाता है। आरोपी प्रेम का शिकायतकर्ता से सामान को लेकर झगड़ा हुआ था। इसी रंजिश में उसने अपने साथी के साथ पीड़ित के साथ मारपीट की और पांच हजार रुपये रंगदारी की मांग की। दोनों आरोपियों पर मारपीट का एक मामला पहले से ही दर्ज है।

### आठ हजार की रिश्वत लेता जीएसटी इंस्पेक्टर गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (सतर्कता ब्यूरो) ने बृहस्पतिवार को आठ हजार रुपये की रिश्वत लेते जीएसटी इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया है। आरोपी भारत भूषण सेक्टर-32 स्थित जीएसटी भवन में तैनात था। एक पीड़ित ने ब्यूरो को दी शिकायत में बताया था कि जीएसटी नंबर जारी करने के नाम पर उससे रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने अपनी माता के नाम से लीची स्टूडियोज नामक एक कंपनी पंजीकृत कराई है। इस कंपनी के लिए जीएसटी नंबर प्राप्त करने के लिए जीएसटी कार्यालय में आवेदन दिया था। शिकायतकर्ता की फाइल जीएसटी इंस्पेक्टर भारत भूषण के पास थी। आरोपी इंस्पेक्टर ने फाइल को मंजूरी देने के लिए आठ हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। बृहस्पतिवार को पीड़ित आरोपी भारत भूषण को जीएसटी भवन के सामने पार्किंग में रिश्वत की राशि दे रहा था तभी सतर्कता ब्यूरो की टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया।

## गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजा गुरुग्राम : बिल्डर के कार्यालय पर चलीं 30 गोलियां, कार-इमारत को बनाया निशाना

**गुरुग्राम :** सेक्टर-45 में बृहस्पतिवार रात को हथियारबंद बदमाशों ने एमएनआर बिल्डर के कार्यालय पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। प्रारंभिक जांच में लगातार 25 से 30 राउंड गोलियां चलने की बात सामने आई है। बदमाशों ने कार्यालय पर खड़ी लग्जरी गाड़ी और बिल्डिंग को निशाना बनाते हुए गोलियां चलाई हैं। गनीमत यह रही है कि फायरिंग में किसी के भी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस की कई टीमें इस मामले की जांच कर रही हैं। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद एक पोस्ट भी सोशल मीडिया पर डाली गई थी। हालांकि बाद में उसको डिलीट कर दिया गया है।



पोस्ट में सिंगर राहुल फाजिलपुरिया पर फायरिंग करवाने वाले कुख्यात गैंगस्टर दीपक नांदल ने हमले की जिम्मेदारी ली। पोस्ट में धमकी दी गई है कि जिन लोगों पर उसका पैसा बकाया है वे तुरंत चुका दें वरना उन्हें अंजाम भुगतना पड़ेगा। बृहस्पतिवार रात करीब 10 बजे सेक्टर-45 स्थित एमएनआर बिल्डर के कार्यालय पर अचानक गाड़ियों में सवार होकर पहुंचे बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग सहम गए। वहां मौजूद हर कोई बचने के लिए सुरक्षित जगह पर छुपने की कोशिश करना लगा।

सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और इलाके को घेर लिया। ऑफिस के अंदर खड़ी लग्जरी गाड़ियों और शीशों पर गोलियों के साफ निशान मिले। पुलिस ने घटनास्थल से कारतूस भी बरामद किए हैं। दीपक नांदल के नाम से जारी की गई पोस्ट में दावा किया कि यह हमला पुराने आर्थिक विवाद की वजह से किया गया। उसने कहा कि उसका पैसा रोहित रहेजा के रिश्तेदार नितिन तलवार पर 2019 से बकाया है। नांदल का आरोप है कि रकम न चुकाने के लिए नितिन तलवार अपना परिवार लेकर न्यूजीलैंड भाग गया।

इस घटना को बॉलीवुड सिंगर राहुल फाजिलपुरिया से भी जोड़ा जा रहा है। इससे पहले फाजिलपुरिया पर फायरिंग की गई थी और बाद में उनके फाइनेंसर रोहित शौकीन की हत्या कर दी गई थी। इन दोनों मामलों की जिम्मेदारी भी दीपक नांदल ने ही ली थी। पुलिस अब इन तीनों घटनाओं की कड़ियों को जोड़ने की कोशिश कर रही है।

## दिल्ली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद हिस्ट्रीशीटर गुड्डू को किया गिरफ्तार, दुष्कर्म मामले था वांछित

**नई दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने मुठभेड़ में एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान गुड्डू के रूप में हुई है। वह शालीमार बाग बलात्कार मामले में वांछित था। उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। जानकारी के मुताबिक, 18 सितंबर को पुलिस को गुड्डू के बारे में सूचना मिली थी। जिसके बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने रात लगभग 1:00 बजे मुनक नहर के किनारे कूड़ा खट्टा, एयू ब्लॉक के पास जाल बिछाया। इस दौरान वहां से एक संदिग्ध शख्स आते हुए देखा गया। मुखबिर द्वारा गुड्डू के रूप में पहचाने जाने पर पुलिस ने उसे आत्मसमर्पण करने को कहा। लेकिन आरोपी ने भागने की कोशिश की उसने एक देसी पिस्तौल निकाली और जान से मारने की नीयत से गोली चला दी, जो एक पुलिसकर्मी की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने पहले हवा में गोली चलाई और लेकिन आरोपी नहीं रुका। मुठभेड़ में गोली गुड्डू के दाहिने पैर में लगी, जिससे वह गिर पड़ा। उसका हथियार मौके पर ही बरामद कर लिया गया।

# नोएडा, ग्रेनो और यमुना प्राधिकरण में बन सकेंगी देश की सबसे ऊंची इमारतें, ड्राफ्ट तैयार

**नोएडा :** अब नोएडा-ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में देश की सबसे ऊंची इमारतें बनाने का रास्ता साफ होगा। इससे शहर में खड़ी पुरानी इमारतों की ऊंचाई का रिकॉर्ड भी टूटेगा। बिल्डर पहले की तुलना में दो से तीन गुना ज्यादा प्रीमियम फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) खरीदकर निर्माण कर सकेंगे। औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के लिए एकीकृत भवन विनियमावली के तैयार किए गए ड्राफ्ट में इस प्रावधान को पहली बार शामिल किया गया है।

ड्राफ्ट पर औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के अधिकारी आगामी 22 सितंबर को मंथन करेंगे। मंजूरी के बाद ड्राफ्ट को आगे बढ़ाने का काम शुरू हो जाएगा। इसे दो माह में इसे लागू कराने की योजना है। दरअसल, आवास विभाग का बिल्डिंग बॉयलॉज बन गया था। लेकिन औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के क्षेत्र के लिए नया बिल्डिंग बॉयलॉज तैयार करने की प्रक्रिया चल रही थी। प्राधिकरण के सूत्रों के मुताबिक अब इन्वेस्ट यूपी ने इसका ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। इसे शासन स्तर पर गठित सात सदस्यीय कमेटी ने तैयार कराया है। इसी में प्रीमियम परचेजेबल एफएआर का जिक्र किया गया है। अब इसी पर प्राधिकरणों की राय जानी जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक नए बिल्डिंग बॉयलॉज के ड्राफ्ट में बेसिक एफएआर के दो से तीन गुने तक प्रीमियम परचेजेबल



एफएआर दिलाने की व्यवस्था की जा रही है। ऐसे में एक ओर जहां इमारत का ग्राउंड कवरेज बढ़ेगा। वहीं दूसरी ओर नई इमारतों की ऊंचाई पहले की तुलना में दो से पांच गुना तक बढ़ जाएगी।

## परचेजेबल एफएआर के दोगुने रेट पर मिलेगा प्रीमियम परचेजेबल

प्रीमियम परचेजेबल एफएआर का रेट पुराने रेट का दोगुना होगा। ऐसे में यह बिल्डरों व अन्य आवंटियों के लिए महंगा सौदा होगा। हालांकि उनको नियम के तहत ज्यादा निर्माण करने की छूट भी मिलेगी।

# मां ने बेटे की कस्टडी के लिए लगाई महिला आयोग में गुहार

**फरीदाबाद।** सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के सभागार में हरियाणा राज्य महिला आयोग की जन-सुनवाई आयोजित हुई। आयोग की अध्यक्ष रेनु भाटिया ने इस दौरान जिले की महिलाओं की ओर से दर्ज कराई गईं शिकायतों पर सुनवाई की और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिनमें दो मामले ऐसे थे जिनमें बच्चों की कस्टडी को लेकर मां ने महिला आयोग के आगे गुहार लगाई। वहीं दो मामले शादी के बाद विदेश से वापस न आने के थे।

## अवैध संबंध के चलते पति से हुई अलग, बेटे की कस्टडी के लिए लगाई गुहार

सबसे चर्चित मामला सेक्टर-11 निवासी ज्योति का रहा। ज्योति ने अपने पति इशान पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उनका अवैध संबंध होने के चलते उन्होंने अपने बेटे सहित मायके में रहना शुरू कर दिया। जब उन्होंने पति से अलग होने की बात कही तो इशान ने उनसे 1.5 करोड़ रुपये की मांग की। आरोप है कि रकम पूरी न करने पर उन्होंने तीन वर्षीय बेटे की कस्टडी देने से इनकार कर दिया और ज्योति के पिता की भी गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया। इतना ही नहीं, इशान पर पत्नी की गाड़ी बेचने



के लिए जाली दस्तावेज तैयार करने का भी आरोप लगाया गया। वहीं इशान ने पलटवार करते हुए अपनी पत्नी पर अवैध संबंध रखने का आरोप लगाया। पूरे प्रकरण को देखते हुए आयोग ने मामले को अदालत को सौंपने के निर्देश दिए।

## शादी के बाद विदेश से कभी वापस नहीं लौटा पति

इसी सुनवाई में सेक्टर-10 की गुंजन चावला का मामला भी सामने आया। गुंजन ने बताया कि उनके एनआरआई पति कार्तिक ने शादी के समय उन्हें विदेश ले जाने का वादा किया था, लेकिन शादी के बाद वे विदेश चले गए और एक वर्ष बीतने के बावजूद वापस नहीं लौटे। इस तरह का एक मामला कुरुक्षेत्र की पूजा का भी था। पर महिला आयोग ने दोनों आरोपियों के खिलाफ नोटिस जारी करने और पेश होने के आदेश दिए।

## हर रविवार दादा-दादी से मिल सकते हैं बच्चे

इसके अलावा हिसार निवासी पूजा ने ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। पूजा का कहना था कि कोरोना काल में उनके पति की मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद उनके सास-ससुर ने उन्हें अलग कर दिया। अब वे उनके दो बच्चों में से बेटे की कस्टडी मांग रहे हैं। महिला आयोग ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए निर्देश दिया कि दोनों बच्चे हर रविवार को दादा-दादी से मिल सकते हैं, परंतु उनकी परवरिश की जिम्मेदारी मां पूजा के पास ही रहेगी।

महिला आयोग की अध्यक्ष रेनु भाटिया ने बताया कि इस जन-सुनवाई में कुल 42 मामले सामने आए, जिनमें घरेलू हिंसा, अवैध संबंध, संपत्ति विवाद और बच्चों की कस्टडी से जुड़े मामले प्रमुख रहे। उन्होंने कहा कि आयोग महिलाओं की शिकायतों पर गंभीरता से काम कर रहा है और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**साहिबाबाद।** साहिबाबाद रेलवे फ्लाईओवर के पास सात सितंबर को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल कनावनी के मोहिनुद्दीनपुर निवासी सुंदर की 16 सितंबर को जीटीबी में मौत हो गई। पुलिस ने युवक के भाई सूरज कुमार की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। दर्ज मुकदमे में सूरज कुमार ने बताया कि वह मूलरूप से बस्ती वालटरगंज स्थित देईपार खुर्द गांव के रहने वाले हैं। यहां रहकर वह मजदूरी करते हैं। सात सितंबर को उनका भाई सुंदर भी काम करके बाइक से वापस घर लौट रहा था। साहिबाबाद रेलवे फ्लाईओवर के पास पीछे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सुंदर की बाइक में टक्कर मार दी। इसके बाद चालक गाड़ी लेकर मौके से भाग गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल सुंदर को एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक और प्रकाशक शरद पाराशर द्वारा साईं प्रिंटर्स म.नं. 19 शॉप नं. 3 जिंसी पुलिस चौकी के पास जहांगीराबाद, भोपाल म.प्र.से मुद्रित करवाकर ए-52 कस्तूरबा नगर भोपाल से प्रकाशित।
संपादक- शरद पाराशर मो.9425023929, समाचार सम्पादक :-सेजल दीक्षित (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा।)